● जयपुर, सोमवार, 5 अगस्त 24 ● वर्ष 13 ● अंक 338 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 विद्याधर नगर के विकास के लिए वचनबद्ध हूँ : दिया कुमारी...

पेज @4 एसडीआरएफ ने जयपुर के हरमाडा क्षेत्र के तालाब में डूबे दो बच्चों...

पेज @8 » ऑस्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा उपचार शिविर का समापन...

# जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से तबाही: तेज बहाव में बह गए लोगों के घर और वाहन, श्रीनगर-लेह हाईवे बंद

**श्रीनगर/एजेंसी।**

जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में बादल फटने से एक सडंक क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे मुख्य श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया गया है। कई घर और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। गांदरबल जिले के कचेरवान में सड़क क्षति के कारण श्रीनगर-लेह मार्ग पर यातायात अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है। बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के कारण आवासीय घरों सहित कुछ इमारतों को नुकसान हुआ है। वहीं मई माह के दौरान बादल फटने से सड×क क्षतिग्रस्त हो गई थी।

जरूरतमंद लोगों को सहायता प्रदान करने के लिए अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। राजमार्ग के बंद होने से कश्मीर घाटी लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश से कट गई है जबकि अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल आधार शिविर भी दुर्गम हो गया है।

नुकसान का आकलन करने के लिए अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों के अनुसार कंगन, गांदरबल में बड़े पैमाने पर बादल फटने से कई सड×कों और फसलों को भी नुकसान हुआ है। नुकसान का आकलन करने और स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।



## जम्मू कश्मीर के चेरवान कंगन इलाके में फटा बादल, श्रीनगर-कारगिल मार्ग बंद

**जम्मू/एजेंसी।** देश के पहाड़ी राज्यों में हो रही भारी बारिश के कारण लगातार भूस्खलन की घटनाएं देखने को मिल रही है। जम्मू कश्मीर के चेरवान कंगन इलाके में भी बादल फटने के बाद श्रीनगर-कारगिल मार्ग बंद हो गया है। जानकारी के अनुसार, जम्मू कश्मीर के चेरवान कंगन क्षेत्र में रविवार सुबह बादल फटा। बादल फटने के कारण अचानक बाढ़ आ गई। जिसके चलते श्रीनगर-कारगिल मार्ग बंद हो गया। यही नहीं, बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुस आया है और मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई वाहन मलबे में फंस गए हैं। इस बीच प्रशासन ने बादल फटने के बाद इस रूट में यात्रा करने वालों के लिए निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे श्रीनगर-कारगिल मार्ग के खुलने तक वहां से यात्रा करने से बचें। ज्ञात हो कि 1 अगस्त को हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में बादल फटने की घटनाएं हुई थीं। हिमाचल के मंडी, रामपुर, कुल्लू समेत कई क्षेत्रों में बादल फटा था। इसके कारण कई घर तबाह हो गए थे और कई लोगों की मौत भी हो गई थी। इसके अलावा उत्तराखंड में भी भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं के कारण काफी नुकसान हुआ है।

## न्यूज़ अपडेट

### जम्मू-कश्मीर में बनेगी भाजपा की सरकार, जन समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता : रविंदर

**जम्मू-कश्मीर/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में जम्मू में पार्टी मुख्यालय पर भाजपा चुनाव घोषणापत्र समिति की बैठक हुई। बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से मुखातिब जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा, जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी पूरी तरह से तैयार है। हमारे कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं। केंद्रीय मंत्री और जम्मू-कश्मीर के चुनाव प्रभारी किशन रेड्डी की मौजूदगी में बीजेपी चुनाव घोषणापत्र समिति की बैठक हुई। इसमें जम्मू-कश्मीर से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। बीजेपी का घोषणापत्र जनता का घोषणापत्र होगा और जनता की समस्याओं का समाधान भाजपा की प्रतिबद्धता होगी। जनता के लिए एक विस्तृत विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र एक विजन डॉक्यूमेंट होगा। जम्मू कश्मीर की जनता को हमारी गारंटी है कि जम्मू कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनते ही सभी मामलों को जल्द हल कर लिया जाएगा।

### पूजा खेडकर की मां जेल से रिहा, किसान को धमकाने के मामले में किया था गिरफ्तार

**पुणे/एजेंसी।** पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को पुणे की यरवदा सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। उन्हें एडिशनल सेशन कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें जमानत दे दी थी। मनोरमा को पिछले महीने पुणे ग्रामीण पुलिस ने एक स्थानीय किसान को धमकाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हुआ था। इस मामले में पौड पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। मनोरमा खेडकर को जमीन विवाद में धमकाने के आरोप में 18 जुलाई को रायगढ़ जिले के महाड के पास हिरकनिवाड़ी गांव के एक लॉज से पकड़ा गया था। पिछले साल पुणे की मुलशी तहसील के धडवाली गांव में एक भूमि विवाद को लेकर मनोरमा द्वारा कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक का भय दिखाकर धमकाने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने उनकी और उनके पति दिलीप खेडकर की तलाश शुरू कर दी थी।

## मध्य प्रदेश में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**भोपाल/एजेंसी।**

मध्य प्रदेश में बीते एक सप्ताह से जारी बारिश के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पढ़ रहा है। बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। फसलों को नुकसान हो रहा है और हादसे भी लगातार बढ़ रहे हैं।

राज्य के अलग-अलग हिस्सों में पिछले सात दिनों से कहीं रुक-रुक कर तो कहीं मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं। निचली बस्तियों में पानी भर रहा है। पानी भरने से खेत तालाबों जैसे नजर आने लगे हैं। किसानों को फसल चौपट होने का खतरा सताने लगा है। भोपाल में औसत बारिश से भी ज्यादा बारिश हो चुकी है। रविवार को भी झमाझम बारिश का दौर जारी है। राज्य के ज्यादातर इलाकों का यही हाल है। राज्य में जारी बारिश के कारण बरगी, इंदिरा सागर, कलियासोत, कोलार, तवा बांध, भदभदा सहित तमाम बांध लबालब हो गए हैं। जल निकासी के लिए इन बांधों के एक से लेकर आठ गेट तक खोले गए हैं। इससे नदियों का जलस्तर भी तेजी से बढ़ा है।

## वायनाड भूस्खलन में 143 शव टुकड़ों में मिले, मरने वालों का आंकड़ा पहुंचा 350 के पार

**वायनाड /एजेंसी।**

केरल के वायनाड भूस्खलन में मरने वालों की संख्या बढ×कर 361 हो गई। इन सभी शवों का पोस्टमॉर्टम हो चुका है। इनमें 218 शवों की पहचान हो चुकी है। 143 लोगों के शरीर के सिर्फ टुकड़े बरामद हुए हैं। जिले के मेप्पाडी पंचायत के अंतर्गत वेल्लारीमाला गांव के मुंडक्कई और चूरमाला में मौतें हुईं। 30 जुलाई को हुए हादसे में मरने वालों में 28 बच्चे भी शामिल हैं। सूत्रों ने कहा कि विभिन्न अस्पतालों में 90 लोगों का इलाज चल रहा है और 281 लोग अब भी लापता हैं। चौथे दिन सेना, एनडीआरएफ, नौसेना और तटरक्षक बल की 40 टीमों ने मुंडक्कई, अट्टामाला, पंचीरी मट्टम और पास के चूरमाला क्षेत्रों में खोजी कुत्तों की मदद से तलाशी अभियान चलाया। आपदा क्षेत्रों से जीवित बचे लोगों को एयरलिफ्ट करने के लिए भारतीय वायु सेना का ऑपरेशन जारी है। इस बीच, बचाव अभियान रात में भी जारी है।




## रीवा में स्कूल से घर जा रहे बच्चों के ऊपर गिरी मकान की दीवार, चार की मौत

**रीवा/एजेंसी।** मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक इमारत की दीवार गिरने से चार बच्चों की मौत हो गई। यह घटना मध्य प्रदेश के रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र की है। जर्जर इमारत की दीवार बच्चों पर उस समय गिर गई, जब वे स्कूल से घर लौट रहे थे।

अधिकारियों के अनुसार, दीवार गिरने के बाद उसके मलबे में पांच बच्चे दब गए। स्थानीय लोगों ने सभी बच्चों को मलबे से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। लेकिन इलाज के दौरान चार बच्चों की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक महेंद्र सिंह सिकरवार ने बताया कि बच्चे सनराइज पब्लिक स्कूल के थे और घर जा रहे थे, तभी दीवार उनके ऊपर गिर गई। मृतक बच्चों की पहचान अंकिता गुप्ता (5), मान्या गुप्ता (7), सिद्धार्थ गुप्ता (5) और अनुज प्रजापति (5) के रूप में हुई है। फिलहाल घटना की जांच जारी है।

## पटना: सीएम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस प्रशासन में मचा हड़कंप

**पटना/एजेंसी।**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ऑफिस को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मेल भेजने की जिम्मेदारी अलकायदा नाम के ग्रुप ने ली है। धमकी भरा मेल मिलने पर पटना पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है।

16 जुलाई को पटना स्थित सीएमओ को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिला था। इस मामले में सचिवालाय थाना के थानेदार संजीव कुमार के बयान पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया। साथ ही पुलिस संबंधित मेल आईडी के बारे में पता लगा रही है।

पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के अनुसार, अज्ञात के खिलाफ बीएनएस 2023 की धारा 351 (4), (3) और 66 (एफ) आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। वहीं, बिहार पुलिस सचिवालय की छानबीन कर रही है।





## उपराष्ट्रपति धनखड़ से मिले राजस्थान के राज्यपाल, विकास योजनाओं पर चर्चा

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने रविवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से यहां उनके आवास पर मुलाकात की और राज्य के विकास तथा जनहित के विभिन्न मुद्दों पर बात की।

राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को शॉल ओढ़ाई और पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। उन्होंने प्रदेश के विकास और जनता के हित से जुड़े मुद्दों के बारे में उपराष्ट्रपति को जानकारी दी। राज्यपाल बागड़े उन्हें राजस्थान में चल रही विकास परियोजनाओं और राज्य सरकार की उपलब्धियों के अलावा जनता की जरूरतों और चुनौतियों से भी अवगत कराया। इस चर्चा से राज्य की जनता को लाभ होने की उम्मीद है। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार राजस्थान के विकास और जनता के कल्याण के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। उपराष्ट्रपति आधिकारिक एक्स हैंडल पर इस मुलाकात की तस्वीर शेयर की गई है। इससे पहले राज्यपाल बागड़े ने शुक्रवार और शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की अध्यक्षता में आयोजित राज्यपालों के सम्मेलन में भाग लिया था।



## अमित शाह ने चंडीगढ़ के लिए चौबीसों घंटे जलापूर्ति योजना का किया उद्घाटन



**चंडीगढ़/एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां मनीमाजरा में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चंडीगढ़ के लिए चौबीसों घंटे जलापूर्ति परियोजना का उद्घाटन किया। इससे एक लाख से ज्यादा निवासियों को फायदा होगा। परियोजना का उद्घाटन करने के बाद अमित शाह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा, पानी बहुत महत्वपूर्ण है, हम इसके बिना जिंदा नहीं रह सकते। जब यह साफ नहीं होता है तो हमें बहुत सारी बीमारियां हो जाती हैं। इस पूरे क्षेत्र के लोगों को इसके माध्यम से फिल्टर-क्लीन पानी की चौबीसों घंटे सातों दिन आपूर्ति की जाएगी। यह समय की कसौटी पर खरा उतरेगा। अमित शाह शाम पांच बजे शहर से रवाना होने से पहले सचिवालय में नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा भी करेंगे।

चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने उनका स्वागत किया। गृह मंत्री सीधे मनीमाजरा पहुंचे और 75 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस परियोजना का उद्घाटन किया। इससे मनीमाजरा के 1 लाख से अधिक निवासियों को लाभ मिलेगा, जिनमें मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, शिवालिक एन्क्लेव,

## विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा, कोरबा एक्सप्रेस की 3 एसी बोगियों में लगी भीषण आग, लोगों में मचा हडकंप

**विशाखापट्टनम/एजेंसी।**

आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर रविवार को एक ट्रेन में आग लग गई। इसकी वीडियो क्लिप भी सामने आई जिसमें बोगी धू धू कर जलती देखी जा सकती हैं। जानकारी के अनुसार, कोरबा से विशाखापट्टनम होते हुए तिरुमाला जा रही ट्रेन विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर चार पर खड़ी थी। इस दौरान एसी बोगी एम1, बी7, बी6 बोगियों में अचानक आग लग गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि बी7 बोगी के शैचालय में हुए शॉर्ट सर्किट से आग भड×की।

ट्रेन के एसी बोगी की एम1, बी7, बी6 बोगियों में आग लगने की जानकारी मिलते ही रेलवे स्टेशन पर हड×कंप मच गया। ट्रेन धू धू कर जलती दिखी। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। जो वीडियो सामने आया है उसमें रेलवे कोच से बड़ी-बड़ी लपटें निकलती देखी जा सकती हैं। वहीं इसे बुझाने की कोशिश करते दमकलकर्मी भी नजर आ रहे हैं। अच्छी बात ये रही कि इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई।

इस दौरान पूरे स्टेशन पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। लोग चीखते चिल्लाते और दहशत में इधर उधर भागते भी दिखे। बी7 बोगी पूरी तरह से जल कर खाक हो गई है। विशाखापट्टनम के पुलिस आयुक्त शंका ब्रत बागची ने भी इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया, सुबह 7:30 बजे विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर खड़ी तिरुमाला एक्सप्रेस की चार बोगियों में आग लग गई। सौभाग्य से उस समय उन बोगियों में कोई यात्री नहीं था।



## संक्षिप्त समाचार

### राजाखेड़ा विद्यालयों में शिक्षकों के अभाव को लेकर यूजीसी छात्रों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** जिला धौलपुर के राजाखेड़ा उपखंड के शहरी क्षेत्र में पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं बालिकाओं के लिए राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय संचालित है।जिन दोनों विद्यालयों में शहरी क्षेत्र के लगभग 1500 के करीब छात्र छात्रा अध्ययन करते हैं। इन विद्यालयों में व्यवस्थाओं की बात तो दूर शैक्षणिक गतिविधि चलाने के लिए शिक्षकों का इतना अभाव है! कि जिससे विधार्थियों में शिक्षा का कोई भी प्रभाव ही नहीं है। शिक्षकों के अभाव को लेकर दोनों सरकारी विद्यालयों के विधार्थियों ने यूजीसी छात्र राजदूत लवसिंह राठौड़ दिल्ली विश्वविधालय के नेतृत्व में जिला कलेक्टर निधी बीटी को ज्ञापन सौंपा है।यूजीसी छात्र राजदूत लव सिंह राठौड़ ने ज्ञापन बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में प्रिंसिपल एवं वाइस प्रिंसिपल सहित अन्य पद रिक्त पड़े हैं! प्राध्यापकों के 15 पद स्वीकृत हैं!जिसमे 8 खाली हैं! वरिष्ठ अध्यापकों के 5 पदों में से मात्र एक भरा हुआ है। लेवल दो में 2 पद रिक्त हैं इसी तरह से लेवल एक में 17 पदों में से 6 रिक्त हैं। राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय में 29 पद स्वीकृत है! जिसमें से बाइस प्रिंसिपल पद सहित अन्य पद रिक्त हैं! और प्राध्यापकों के 5 पदों में से मात्र 1 पद पर ही प्राध्यापक कार्यरत है।वरिष्ठ अध्यापक के चार पदों में से दो रिक्त हैं!लेवल दो में तीन पद में 1रिक्त है! लेवल एक में पांच पद स्वीकृत हैं!जिसमें में 1पद रिक्त हैं!इस प्रकार विधालय में शिक्षकों का इतना अभाव होने से दिनों दिन शिक्षा स्तर गिरता जा रहा है।शिक्षा की गुणवत्ता में भी कमी आ रही है! शैक्षणिक कार्य भी बिलकुल ठप नजर आ रहा है! जिससे विधार्थियों का अध्यापन कार्य नहीं हो पा रहा है। विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन में शिक्षा का स्तर गिरकर अपने चरम पर पहुंचने वाला है। जिला कलेक्टर निधी बीटी ने आश्वाशन देते हुए कहा की जल्द जल्द शिक्षकों की कमी को पूरा करके अध्यापन कार्य को पूरा करवाया जायेगा।

### आरपीएफ आगरा फोर्ट के हत्थे चढ़े दो बड़े टिकट दलाल



**चमकता राजस्थान। आगरा।** प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज ए एन सिन्हा व मंडल रेल प्रबंधक आगरा तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अनुभव जैन के कुशल निर्देशन में दिनांक :- 03 अगस्त 24 को आरपीएफ आगरा फोर्ट के प्रभारी निरीक्षक एस एन पाटीदार व क्राइम ब्रांच के प्रभारी योगेश राणा द्वारा टिकिट दलालों की अवैध काला बाजारी को रोकने हेतु संयुक्त रूप से टीम गठित कर अभियान चलाया गया! जिसमें दो बड़े टिकिट दलालों को रेलवे के टिकटों की अवैध दलाली करते हुए पकड़ा गया! जिसमें से एक दलाल हरजीत सिंह को गुरु नानक जन सेवा केंद्र आगरा से रेलवे की 22 टिकट कीमत 29290 के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया! वहीं दूसरे दलाल मोहित को आगरा फोर्ट रेलवे स्टेशन से दो तत्काल टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया जिनसे काफी मात्रा में रेलवे के ई टिकिट व विंडो टिकिट बरामद हुए। दोनों के विरुद्ध रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

# विद्याधर नगर के विकास के लिए वचनबद्ध हूँ : दिया कुमारी

## जल्द ही विद्याधर नगर में शुरु करेंगी साप्ताहिक जनसुनवाई

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र विद्याधर नगर में ढेहर का बालाजी इलाके के वार्ड नंबर 25 की महाराजा कॉलोनी में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के नये भवन का लोकार्पण किया। ये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहले एक छोटे परिसर में संचालित था, जिसे अब एक बड़े भवन में स्थानांतरित किया गया है।

नये भवन में ओपीडी, लैब, चिकित्सक कक्ष आदि की सुविधा उपलब्ध होगी। इसी के साथ साथ स्वास्थ्य केन्द्र पर अब हर रोज़ सवेरे योग कक्षाओं का आयोजन भी किया जायेगा।

दिया कुमारी ने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे विद्याधर नगर के विकास में कोई कोर-कसर बाक़ी नही रखेंगी। उन्होंने कहा कि ढेहर का बालाजी इलाके में जलभराव की समस्या बरसो पुरानी है पर इसके स्थायी समाधान के लिए अब क़रीब 36 करोड़ रुपये की लागत से नये ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण का शिलान्यास हो चुका है। इसी के साथ वीकेआई इंडस्ट्रियल एरिया के विकास और रोड नंबर 14 पर जलभराव की समस्या के निवारण के लिए प्रोजेक्ट शुरु कर दिये गये है।

उन्होने कहा कि राज्य के बजट में विद्याधर नगर क्षेत्र को 75 करोड़ रुपये की सड़कों की सौगात दी गई है। नाड़ी का फाटक पर 90 करोड़ की लागत से आरओबी और आरयूबी बनाये जा रहे है।

इससे पहले उपमुख्यमंत्री ने सीकर रोड पर श्री शिव महापुराण कथा समिति द्वारा आयोजित सत्रहवें महारुद्राभिषेक में भाग लिया, जहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। दिया कुमारी ने सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए हरियाली अमावस्या के पर्व की शुभकामनाएं दी और प्रदेश की उन्नति और खुशहाली के लिए मंगल कामना की। उपमुख्यमंत्री ने उत्सव जनउपयोगी भवन में ब्राह्मण समाज के परिचय सम्मेलन, रिद्धि सिद्धि पर आयोजित तीज-उत्सव तथा कई अन्य सांत्वना बैठकों में भी हिस्सा लिया।

## भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पदभार ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक बनाने वाले कार्यकर्ताओं का जताया आभार

चमकता राजस्थान




जयपुर। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में पदभार ग्रहण समारोह को सफल बनाने वाले संयोजक एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उनका आभार व्यक्त किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पदभार ग्रहण समारोह के कुशल संचालन के लिए बनाई गई समितियों के संयोजक एवं उनकी टीम ने कम समय में काफी अच्छा कार्य किया, और पदभार ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक बनाया।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी देवतुल्य कार्यकर्ताओं की वजह से ही बनी हैं। भाजपा के कर्मठ और कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओं की मेहतन के चलते आज राजस्थान और देश में भाजपा की सरकार बन पाई हैं। राठौड़ ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान पदभार ग्रहण समारोह की व्यवस्था के लिए बनाई गई समितियों के संयोजक और कार्यकर्ताओं ने भी नए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। इस दौरान भाजपा की प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, मोतीलाल मीणा, अजयपाल सिंह, नाहर सिंह जोधा, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, वासुदेव चावला, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा के पदाधिकारी और सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ,हरियाली अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने लोहार्गल के सूर्य कुंड में लगाई डुबकी

- भगवान सूर्य नारायण के दर्शन कर मांगी मन्नत
- लोहार्गल के मंदिरों में दिन भर रही श्रद्धालुओं की भीड़



**चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी।** सुमेर सिंह राव। निकटवर्ती धार्मिक तीर्थ स्थल लोहार्गल में रविवार को हरियाली अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने सूर्य कुंड में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया ' हरियाली अमावस्या होने के कारण लोहार्गल के मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी एवं लोगों ने जमकर दान पुण्य किया '

लोहार्गल सूर्य मंदिर पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन नवग्रहों और पितरों की शांति के लिए विशेष पूजा और दान-पुण्य का महत्व माना जाता है।

सूर्य मठ लोहार्गल धाम के पीठाधीश्वर जगतगुरु रामानुजाचार्य महंत स्वामी अवधेशाचार्य महाराज ने बताया की सूर्य क्षेत्र धाम एक अती प्राचीनतम तीर्थ है यहां पर अमावस्या के दिन नव ग्रहों के स्वामी भगवान सूर्य की अराधना की जाती है और सूर्य कूड में पितरों का तर्पण किया जाता है ' सूर्यकुंड में स्नान कर भगवान सूर्य देव के दर्शन कर यात्रा पूर्ण की जाती है ' सावन में चारों तरफ हरियाली का वातावरण होता है ' श्री श्री 1008 लोहार्गल वेंकटेश पीठाधीश्वर स्वामी अश्विनी आचार्य महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि, सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को हरियाली अमावस्या के नाम से जाना जाता है। हिन्दू धर्म में हरियाली अमावस्या का बहुत महत्व है। बैशाख बदी अमावस्या पर प्राचीन काल से हाळी अर्थात हलधर के नाम से हाली अमावस्या के रूप में मनाया गया। इस त्योहार से बच्चे, बूढ़े और जवान सभी का सीधा जुड़ाव हुआ। इस दौरान आगामी काल सुकाल को परखने एवं हल चलाने की दक्षता वर्धन के रूप में पर्व मनाया गया। ' हरियाली अमावस्या पर पुलिस प्रशासन की तरफ से भी अच्छी खासी व्यवस्था देखने को मिली ' चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान दिखाई दिए ' लोहार्गल पंचायत के युवा सरपंच जगमोहन सिंह शेखावत एवं ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुल्हरी ने जानकारी देते हुए बताया की पंचायत की तरफ से भी हरियाली अमावस्या पर अच्छी खासी व्यवस्था की गई थी '

## नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान के अंतर्गत ब्लॉक बाड़ी के चिकित्सा विभाग अधिकारी प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एएनएम एवं कंप्यूटर ऑपरेटर लैब टेक्नीशियन आशा सुपरवाइजर की समीक्षात्मक बैठक

चमकता राजस्थान



**धौलपुर( रामदास तरुण)।** बाड़ी बीसीएमओ कार्यालय में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई! बैठक में नीति आयोग के जिला अधिकारी प्रभारी भरत राय सीपी ई ओ एवं जिला सांख्यिकी अधिकारी मनोज सिंघल ने संपूर्णता अभियान के अंतर्गत आने वाले संकेतकों - 12 सप्ताह पर गर्भवती महिला का पंजीकरण,1 वर्ष तक पूर्ण टीकाकरण, - डायबिटीज स्क्रीनिंग,- और हाइपरटेंशन स्क्रीनिंग का सिचुरशन प्रतिमाह सितंबर माह तक पूर्ण करने का जो लक्ष्य नीति आयोग द्वारा निर्धारित किया गया है की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई! उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डायबिटीज़ एवं हाइपरटेंशन की स्क्रीनिंग आशा द्वारा सीबीएसी फॉर्म भरना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया जिला सांख्यिकी अधिकारी ने नीति आयोग द्वारा चिकित्सा विभाग के चारों संकेतकों के लक्ष्य एवं उपलब्धियां से संबंधित एएनएम एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों चिकित्सा अधिकारियों से अब तक की प्रगति के बारे में सभी से एक-एक कर जानकारी ली गई, भारत राय द्वारा जिला कलेक्टर के दिए गए निर्देशों से सभी अधिकारी कर्मचारियों को अवगत कराया गया इस कार्य में किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा कोई भी लापरवाही बरती जाती है, तो संबंधित के खिलाफ जिला कलेक्टर द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी ब्रड़ी डॉ. गब्बर सिंह मीणा ने अब तक की प्रगति पर असंतोष जताया और सभी कर्मचारियों को नियमित रूप से उक्त कार्य को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए! तथा खंड कार्यक्रम अधिकारी देव आनंद ने ब्लॉक की उक्त कार्यक्रम की वर्कर वाइज प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराया गया! इस बैठक में चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. मनीष बोरा, डॉ. पवन गोस्वामी, डॉ. मनीष मीणा, डॉ. तुषार मीनावत, डॉ. धीरेंद्र सिंह, डॉ. रुद्र प्रताप सिंह, डॉ. प्रज्ञा सिंह चौहान, डॉ. सचिन त्यागी एवं ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर सरिता देवी आदि, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

## हरियाली अमावस्या पर विधायक ने किया वृक्षारोपण

चमकता राजस्थान

**हिंडौन (राजवीर सिंह)।** सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र गारूवाल करई ने बताया कि वृक्षारोपण अभियान को आगे बढ़ाते हुए करौली के विधायक निवास सुंदरपुरा में विधायक दर्शन गुर्जर के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया।विधायक दर्शन गुर्जर ने कहा कि पर्यावरण को संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है इस मौके पर काफी लोग मौजूद रहे।



## 'साम्प्रदायिक तनाव, हिंसा और समाधान' विषय पर मुक्त मंच की गोष्ठी

# राजधर्म का पालन लोकतन्त्र मे उतना ही जरुरी जितना कि राजतन्त्र में : डॉ. नरेन्द्र कुसुम

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुक्त-मंच की 86वीं मासिक संगोष्ठी ₹साम्प्रदायिक तनाव, हिंसा और समाधान₹ विषय पर परमहंस योगिनी डॉ. पुष्पलता गर्ग के सान्निध्य और भाषाविज्ञ डॉ. नरेन्द्र शर्मा 'कुसुम' की अध्यक्षता में योग साधना आश्रम में सम्पन्न हुई।आईएएस (से.नि.) अरुण ओझा मुख्य अतिथि थे और 'शब्द संसार' के अध्यक्ष श्री श्रीकृष्ण शर्मा ने संयोजन किया।

अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र शर्मा कुसम' ने कहा कि राजनीति का जन्म हिंसा के साथ ही हुआ था क्योंकि मनुष्य सभ्यता और संस्कृति में प्रविष्ट हुआ तो हिंसा की प्रवृति के बीज लेकर आई। जब राजतन्त्र का उदय हुआ तो विभिन्न कारणों से हिंसा होने लगी। आज के लोकतन्त्र की हिंसाएँ कुछ अलग कारणों से हो रही हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य लोक मंगल होता है । राजधर्म का पालन लोकतन्त्र मे उतना ही जरुरी है जितना कि राजतन्त्र में। अहिंसा से हिंसा का प्रतिकार,अध्यात्म से हिंसा का प्रतिकार एक दीर्घकालीन प्रक्रिया है।

पूर्व बैंकर इन्द्र भंसाली ने कहा कि साम्प्रदायिक हिंसा का कारण एक दूसरे से डर है और जब इसका तनाव प्रखर होता है तब साम्प्रदायिक हिंसा का कारण बनता है।परस्पर अविश्वास, घृणा, नफरत तथा असुरक्षा को जन्म देता है । अंग्रेजो ने फूट डालो राज करो नीति और अत्याधुनिक हथियारों का लाभ जंग जीती ।अंग्रेजों ने भारतीय संस्कृति को नष्ट करने की पटकथा अंग्रेजों ने लिखी। ऐसे में इस पर अंकुश लगाने के लिए जरूरी है कि आज जो लोग उतेजना और नफरत फैलाते हैं, उसका तुरन्त संज्ञान लेकर उन पर कठोरतम कार्यवाही की जाए।



लब्ध प्रतिष्ठ स्तम्भकार ललित अकिंचन ने कविता के माध्यम से कहा किः तू भी है इनसान, मै भी हूँ इनसान खुदा तू भी नहीं, खुदा मैं भी नहीं तू मुझे और मै तुझे दोष देते हैं पर अन्दर झाँकता तू भी नहीं, मै भी नहीं। गलत फहमियों ने पैदा कर दी दोनों मे दूरियां, वरना आदमी बुरा तू भी नहीं, मै भी नहीं।

वरिष्ठ अधिवक्ता सावित्री रायजादा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर नफरत, प्रतिशोध के कारण हिंसक युद्ध हो रहे हैं।शालिनी शर्मा ने कहा कि विश्व के सभी धर्मगुरुओं नेअपने उपदेश मे प्रेम को सर्वोपरि माना है पर वे नैतिक ऊँचाइयों को बनाए रखने मे सफल नहीं हुए। इसीलिये विश्व में बडे पैमाने पर सांप्रदायिक तनाव और सार्वभौमिक अनिश्चयता एवं भय का वातावरण निर्मित होता जा रहा है। मनुष्य को मन की नकारात्मकता से खुद को आजाद करना होगा।

पूर्व मुख्य अभियन्ता एवं प्रखर वक्ता दामोदर चिरानिया ने कहा कि हमारा समाज ही नहीं, विश्व का सम्पूर्ण समाज करीब-करीब विभिन्न समुदायों मे बंटा हुआ है, चाहे क्षेत्र, रंग, जाति , धर्म , लिंग या सोच हो। दुनिया मे पिछले 110 दस सालों में शक्ति प्रदर्शन के कारण दो विश्व-युद्ध हुए।

मुख्य अतिथि अरुण ओझा ने कहा कि भारत एक बहुधार्मिक बहुलवादी देश है जहाँ संविधान हर नागरिक को अपनी प्सन्द के धर्म का पालन करने का अधिकार देता है। इसीलिए यहाँ विभिन्न धर्मो के लोग बडे सद्भाव के साथ रहते हैं। इतिहास विद कहते हैं कि विश्व के सभी धर्म या सम्प्रदायों के संस्थापक और धर्मगुरुओं ने प्रेम और सद्भावना को ही सर्वोच्च माना है।

अपने संयोजकीय वक्तव्य में 'शब्द संसार' के अध्यक्ष श्रीकृष्ण शर्मा ने कहा कि 2047 में हम भारत की स्वतन्त्रता की शताब्दी मना रहे होंगे तब भारत को विकसित भारत के रुप में देखना चाहेंगे जिसमे समानता, समता, बन्धुता हो, पर जैसी परिस्थितियाँ दिखाई दे रही हैं। इसके बावजूद हमें कभी कभी कुछ निराशा, हताशा का भान पैदा होता है । हमने इस दौर में घृणा और ईर्षा को वैश्विक स्तर पर कुलांचे भरते देखा है। आज युद्ध नहीं है तथापि जम्मू क्षेत्र में आए दिन रोज फौजी शहीदऔर नागरिक हताहत हो रहे हैं । कांवड यात्रा को लेकर तनाव बना हुआ है।मणिपुर मे 5 मई 2023 से जातिय हिंसा जारी है। अब तक 221 लोग मारे गये, 6000 लोग विस्थापित हुए, गांव वीरान पडे हैं, महिलाओं के आजीविका के संसाधन समाप्त हो गए। ऐसे में साम्प्रदायिक सद्भाव परस्पर समता, समानता समय की आवश्यकता है।

संगोष्ठी में सर्वश्री आरसी जैन, फारूक आफरीदी, सुभाष गुप्ता,यशवंत कोठारी, डॉ. रमेश खण्डेलवाल, लोकेश शर्मा, अरुण ठाकर, तथा सुमनेश शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए।

# एसडीआरएफ ने जयपुर के हरमाडा क्षेत्र के तालाब में डूबे दो बच्चों के शवों को बरामद करने में सफलता प्राप्त की

चमकता राजस्थान

जयपुर।( खलील कुरैशी) दिनांक 04.08.2024 को सायं 04:15 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम जयपुर आयुक्तालय से पुलिस थाना हरमाडा के अन्तर्गत तालाब में दो बच्चों के डूबने की सूचना एसडीआरएफ राजस्थान कन्ट्रोल रूम जयपुर को मिलने पर रऊक्र्र कन्ट्रोल रूम द्वारा कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार मानसून सत्र 2024 में आपदा राहत एवं बचाव हेतु एसडीआरएफ एच कम्पनी जयपुर की कन्ट्रोल रूम पर तैनात रेस्क्यू टीम एच-01 के प्रभारी हैड कानि० राजेन्द्र सिंह को अविलम्ब घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए।रेस्क्यू टीम प्रभारी 09 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ सायं 05:00 बजे घटनास्थल पर पहुँचे। टीम कमाण्डर ने स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि पुलिस थाना हरमाडा जयपुर आयुक्तालय के अन्तर्गत दोपहर के समय स्नान करने के दौरान दो बच्चें तालाब में डूब गये थे, उक्त दोनों बच्चों के शवों की तलाश हेतु स्थानीय प्रशासन तथा सिविल डिफेन्स की टीम द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे है, किन्तु अभी तक सफलता नहीं मिल पायी है। तालाब की लम्बाई 150 फीट, चौडाई 50 फीट तथा गहराई लगभग 10 फीट है। एसडीआरएफ राजस्थान कमाण्डेन्ट ने टीम कमाण्डर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों शशिकान्त, महेन्द्र, सुनील बाबूलाल, सुरेश दानसिंह, बिट्टू बसवाल तथा बृजमोहन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम के जवानों ने टीम कमाण्डर के निर्देश पर तालाब में गोता लगाकर जिक जैक तथा लाईन सर्च तकनीक से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। उसके बाद बांस तथा लाईफ बॉय की सहायता से गहन सर्च ऑपरेशन चलाया। अथक परिश्रम तथा कडी मेहनत से टीम ने सायं 06:00 बजे तालाब मे डूबे दोनों बच्चों के शवों को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

### तालाब मे डूबे दोनों बच्चों का विवरणः

01. अंशदीप दिलीप सिंह उम्र 12 साल तथा 02. विद्या उम्र 10 साल, दोनों निवासी ग्राम नींदड पुलिस थाना हरमाडा जिला जयपुर शहर।



## संक्षिप्त खबरें

### सीएम कार्यालय को मिली बम से उड़ाने की धमकी

**पटना।** बिहार में मुख्यमंत्री कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अलकायदा नाम के ग्रुप से सीएमओ को मेल भेजा गया है, जिसमें सीएम कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा ने बताया कि यह मामला पुराना है लेकिन हमने जांच के बाद दो अगस्त को एफआईआर दर्ज की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस इसकी छानबीन कर रही है। एटीएस ने मामले की जांच की उसके बाद एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। सचिवालय थाने में एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस की मानें तो सीएमओ के सरकारी मेल आईडी पर 16 जुलाई को धमकी वाला यह मेल आया था। कि सीएमओ को बम से उड़ा दिया जाएगा। यह मेल अलकायदा ग्रुप के नाम से भेजा गया था।

### बच्ची को चुरा कर बेचने ले जा रहा मानव तस्कर गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले में जीआरपी व आरपीएफ के सहयोग से एक मानव तस्कर को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही चोरी कर बेचने ले जा रहे एक चार वर्षीय एक मासूम बच्ची को शनिवार को मुक्त कराया गया। मुक्त करायी गयी बच्ची जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र के सिसवा पश्चिमी पंचायत की रहने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार चार वर्षीय बच्ची अपने घर में सोई थी तभी शुक्रवार की देर रात लक्ष्मी प्रसाद उर्फ विक्की नामक मानव तस्कर ने उसे सोए हुए अवस्था में उठा लिया था। सुबह में परिजनो ने बच्ची को गायब देख कि बंजरिया थाना को सूचित किया।इसके बाद बंजरिया थाना की पुलिस ने तलाश के क्रम में इसकी सूचना रेल थाना को भी दी। जिसके बाद यह पता चला कि रक्सौल से हावड़ा जाने वाली ट्रेन में एक व्यक्ति बच्ची को लेकर जा रहा है,बच्ची चिल्लाते हुए कह रही है,कि यह युवक उसका कोई नहीं है और उसे जबरदस्ती अपने साथ ले जा रहा है।इस सूचना के बाद रेल पुलिस व आरपीएफ ने मेहसी स्टेशन पर उस युवक को बच्ची के साथ पकड़ लिया। जिसके बाद उसे मोतिहारी लाया गया। पूछताछ में यह सामने आया युवक बच्ची के पड़ोस के गांव का ही रहने वाला है, और उसने बच्ची को चोरी से उठाकर बेचने के ख्याल से पहले सुगौली स्टेशन पहुंचा फिर वहां से मिथिला एक्सप्रेस पर सवार होकर कोलकाता ले जा रहा था। जीआरपी ने बरामद बच्ची को परिजनो को सौंप दिया है,वही पकड़े गये युवक को अग्रेतर कारवाई के लिए बंजरिया थाना पुलिस को सौप दिया है।

### दो तस्कर 10 करोड़ के चरस के साथ गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के दो तस्कर 10 करोड़ के चरस के साथ गिरफ्तार किये गये है। उक्त कारवाई यूपी-बिहार सीमा के बलथरी चेकपोस्ट पर शनिवार को गोपालगंज जिला के कुचायकोट थाना पुलिस ने की है। बताया गया कि गुप्त सूचना के बाद एनएच 27 पर पूर्वी चंपारण की ओर से आने वाले वाहनों की जांच शुरू की गई, इस दौरान दिल्ली नंबर की एक स्विफ्ट डिजायर कार आती दिखाई दी। जब रोककर कार की तलाशी ली गई तो कार में बनाये गये तहखाने से 71. 140 किलो चरस बरामद किया गया,साथ ही दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार तस्करों की पहचान पूर्वी चंपारण के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सुदीश कुमार व पताही थाना क्षेत्र के परसौनी गांव के मंदीप कुमार के रूप में हुई हैं।पूछताछ में तस्करो ने बताया कि चरस नेपाल से दिल्ली लेकर जा रहा था। बरामद चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में दस करोड़ आंकी गई है। इसकी तहकीकात के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी सूचना दी गई है। गोपालगंज एसपी स्वर्ण प्रभात के अनुसार ड्रग्स तस्करी के इस पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए टीम का गठन किया गया है।

### जिले के 205 ईट निर्माताओं के विरूद्ध निकला गैर जमानती वारंट

**पूर्वी चंपारण।** जिला प्रशासन ने वर्षो से सरकारी राशि दबाकर बैठे 205 ईट निमार्ताओ के विरूद्ध गैर जमानतीय वारंट जारी किया है। प्रशासन की इस बड़ी कार्रवाई के चिमनी संचालक ईट निमार्ताओ में हड़कंप मचा हुआ है। जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी यशवंत एवं नीलाम पत्र के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन पदाधिकारी राजेश्वरी पांडे ने बताया कि डिफॉल्टर चिमनी संचालक यदि गिरफ्तारी से बचना चाहते हैं तो जिला खनन कार्यालय से संपर्क स्थापित कर और अविलंब बकाया राशि चालान के माध्यम से बैंक में जमा करें और जमा राशि की रसीद जिला नीलाम पत्र कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे ताकि केस की कार्रवाई नियम अनुसार समाप्त कर चिमनी संचालकों को देनदारी से मुक्त कर दिया जाए ।

### नालंदा में बाढ़ की स्थिति, सौ एकड़ फसल जलमग्न

**बिहारशरीफ।** हिलसा अनुमंडल क्षेत्र के लोकईन नदी में उफान आने से नालंदा में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बढ़ते जलस्तर से नदी किनारे तटबंध टूट गया है, जिससे तकरीबन 100 घर पानी से घिर गए हैं। हिलसा अनुमंडल क्षेत्र में 100 एकड़ खेतों में लगी धान की फसल नष्ट हो गई है। अनुमंडलीय एवं जिला जिला प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। हिलसा अनुमंडल क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि बीते दो दिनों से लगातार बारिश होने के कारण लोकईन नदी में उफान आ गया है। नदी का तटबंध भी टूट गया है और कई घरों में पानी भर गया है। इससे ग्रामीण को परेशानी का सामना पर रहा है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के जेई सुधांशु कुमार ने बताया कि बाढ़ की स्थिति देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर पहल की जा रही है।

# आरक्षण पर विपक्षी दलों का श्रेय लेना हास्यास्पद : विजय चौधरी

एजेंसी



**पटना।** संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि मामला चाहे जातीय गणना का हो या दलित, अति पिछड़े, पिछड़ों के लिए आरक्षण सीमा बढ़ाने का हो, राजद या विपक्षी नेताओं द्वारा श्रेय लेने की कोशिश निरर्थक एवं हास्यास्पद है। विजय चौधरी समस्तीपुर जिले के राजद के जिला एवं प्रखंड स्तर के नेताओं द्वारा जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा एवं मंत्री अशोक चौधरी के साथ पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरा प्रदेश जानता है कि जातीय गणना करने का निर्णय जून 2022 में हुआ था, जब बिहार नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार थी। फिर राजद किस बात का श्रेय ढूंढ़ रही है। विजय चौधरी ने कहा कि दूसरे, आरक्षण सीमा बढ़ाने का फैसला भी नीतीश कुमार का था एवं उसके तत्काल बाद ही इस अधिनियम को नवीं अनुसूची में डालने का अनुरोध केंद्र सरकार से कर दिया गया। चौधरी ने कहा कि पटना उच्च न्यायालय ने अभी इस अधिनियम को निरस्त कर दिया है, जिसके विरुद्ध बिहार सरकार मुस्तैदी से उच्चतम न्यायालय में अपना पक्ष रख रही है। ऐसी परिस्थिति में, जब वह कानून ही निरस्त है तब उसे नवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग ही हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता श्रेय लेने की होड़ में तथ्यात्मक बातों का भी ख्याल नहीं रख पाते।

### ऑल इण्डिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड के तत्वधान में टीम ख़दिमत का किया गया सम्मान



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)** ऑल इंडिया मुस्लिम वक्फ संपत्ति संरक्षण बोर्ड के तत्वधान में टीम ख़दिमत का सराहनीय कार्य व लोगों को जागरूक करने का कार्य देख कर बोर्ड के द्वारा शास्त्री नगर क़ब्रिस्तान जयपुर में टीम ख़दिमत को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया! इस अवसर पर बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहीस अहमद कुरेशी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद इलियास शेख़,राष्ट्रीय विधि सलाहकार अकबर अली,राष्ट्रीय महासचिव अब्दुल रईस,राष्ट्रीय सदस्य अशरफ़ कुरेशी,ज़फ़र मिर्ज़ा समाज सेवी,बोर्ड के कार्यकर्ता व जयपुर शहर के मोजिज लोग मोजूद रहे।

## टीएमसी ने वन अधिकारी से बदसलूकी करने वाले मंत्री अखिल गिरि से मांगा इस्तीफा

एजेंसी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल राज्य सुधार प्रशासन मंत्री अखिल गिरि की मुश्किलें बढ़ गई हैं। एक महिला वन अधिकारी के साथ अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते हुए धमकाने का वीडियो वायरल होने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने उन्हें माफी मांगने और तत्काल इस्तीफा देने का निर्देश दिया है।

यह पहली बार नहीं है जब गिरि विवादों में फंसे हैं। इससे पहले 2022 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर की गई उनकी टिप्पणी की भी काफी आलोचना हुई थी। तब पार्टी प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गिरि की ओर से माफी मांगी थी। ताजा मामले में पश्चिम मिदनापुर जिले में राज्य वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण हटाने के बाद गिरि को महिला अधिकारी और उनकी टीम को धमकाते और गाली-गलौज करते हुए देखा गया। इस घटना के बाद से विवाद छिड़ गया है। भाजपा ने मंत्री के इस आचरण का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया और गिरि की गिरफ्तारी की मांग की, जबकि सत्तारूढ़ टीएमसी ने कहा कि पार्टी इस तरह के व्यवहार का समर्थन नहीं करती है। टीएमसी नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शांतनु सेन ने इस घटना के बारे में एक वीडियो साझा कर रविवार को कहा कि मंत्री गिरि को तुरंत माफी मांगनी चाहिए और अपना इस्तीफा सौंपना चाहिए। पार्टी इस तरह के किसी भी अपमानजनक व्यवहार को बर्दाश्त नहीं करेगी। शांतनु सेन ने कहा कि पार्टी नेता सुब्रत बख्शी ने अखिल गिरी से बात की और उन्हें तुरंत इस्तीफा देने को कहा है। शांतनु सेन ने इससे संबंधित एक वीडियो भी अपने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर शेयर किया है। टीएमसी के इस निर्देश के बाद पार्टी के अंदर और बाहर दोनों जगह गिरि पर दबाव बढ़ गया है। हालांकि, गिरि ने रविवार को सफाई देते हुए कहा कि उन्होंने जो कुछ भी कहा वह नहीं कहना चाहिए लेकिन एक बार फिर उन्होंने महिला अधिकारी पर ही सवाल खड़ा किया और कहा कि उसका व्यवहार अच्छा नहीं था।

## मंत्री अखिल गिरी से मुख्यमंत्री नाराज, कैबिनेट बैठक में मांग सकती हैं स्पष्टीकरण

एजेंसी



**कोलकाता ।** वन विभाग के अधिकारी के साथ मंत्री अखिल गिरी के आपत्तिजनक वार्ताव को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी नाराज हैं। सीएम के बेहद करीबी एक सूत्र ने रविवार को इस बारे में जानकारी दी। पता चला है कि पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ और अब वन विभाग की एक महिला अधिकारी के खिलाफ आपत्तिजनक व्यवहार की वजह से अखिल गिरी पर गाज गिर सकती है। तृणमूल कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों ने बताया है कि सोमवार को राज्य मंत्रिमंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक निर्धारित है। इसमें मुख्यमंत्री गिरि से इस मामले पर स्पष्टीकरण मांग सकती हैं। बैठक से पहले, सूत्रों ने कहा कि पश्चिम बंगाल वन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बीरबाहा हांसदा इस मामले पर मुख्यमंत्री को एक रिपोर्ट सौंपने वाली हैं। इस बीच, राज्य बीजेपी नेता और कलकत्ता उच्च न्यायालय के वकील कौस्तव बागची ने राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस को एक पत्र भेजकर गिरि को मंत्री पद से हटाने की मांग की है। पत्र में बागची ने कहा है कि मंत्री गिरि आदतन अपराधी हैं और उन्होंने पहले भी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की शारीरिक बनावट पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। शनिवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें मंत्री अखिल गिरि महिला वन विभाग अधिकारी को अपशब्द कहते हुए और धमकाते हुए नजर आए। वीडियो में मंत्री गिरि अधिकारी से कहते हुए सुने गए,तुम सरकारी कर्मचारी हो, मुझसे बात करते समय सिर झुका कर बोलो। देखो एक हफ्ते के अंदर क्या होता है... अपने तरीके सुधारो। देखना जब लोग तुम्हें लाठियों से मारेंगे तब क्या होता है। गिरि ने आरोप लगाया कि महिला अधिकारी के निर्देश पर वन विभाग के कर्मचारियों ने रात के समय दुकानों को तोड़ा, जब तेज बारिश हो रही थी। महिला अधिकारी ने गिरि से पूछा कि कैसे उन्हें अपनी ड्यूटी करने के लिए हटाया जा सकता है, जिस पर गिरि ने पूछा, तुम्हें किसने रात की ड्यूटी पर भेजा था? दुकानों को रात में क्यों तोड़ा गया?

## नवादा में विधिक जागरुकता शिविर में कानून की दी गई जानकारी

एजेंसी



**नवादा।** जिले के कौआकोल प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में स्थित नवनिर्मित प्रखण्ड भवन के सभागार में रविवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता कौआकोल बीडीओ डॉ. अखिलेश कुमार ने किया। जागरूकता शिविर में भाग लेने आए पीएलवी रामानुज कुमार एवं सरकारी अधिवक्ता अमन जैन ने उपस्थित लोगों को विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों एवं दायित्वों के बारे में जानकारी दी तथा लोगों को उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही नालसा की ओर से दी जा रही निःशुल्क विधिक सेवा सहायता की जानकारी दी। इस दौरान लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई तथा लोगों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। पैनल अधिवक्ता ने बताया कि न्यायालय में लंबित वादों का निष्पादन मध्यस्थता, सुलह न्यायिक समझौता के आधार पर किया जाता है, जो पूरी तरह निःशुल्क है। इस दौरान एससी, एसटी कानून के बारे में भी लोगों को बताया गया। बीडीओ अखिलेश कुमार ने कार्यक्रम में मौजूद कौशल युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को उनके करियर के बारे में सम्भावनाओं पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए सही करियर का चुनाव करने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ने की नसीहत दी। इस मौके पर सीडीपीओ अंजली कुमारी, टीवीओ डॉ. हरिशंकर शरण, कौआकोल थाना के एएसआई अर्जुन राम, महुडर मुखिया गोपाल साव, कौआकोल मुखिया प्रतिनिधि राजीव रंजन समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### वाहन चोर गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार, नौ बाइक जब्त

**नवादा।** पुलिस नेअंतर्जिला वाहन चोर के तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से चोरी की नौ बाइक और एक ऑटो बरामद किया है। नवादा की सिरदला पुलिस ने विजयपुर, भट्टबीघा, चौली गांव और झगड़ी बिगहा गांव में छापेमारी कर इस गैंग का पदार्फाश किया है। पुलिस के मुताबिक, सभी शातिर चोरी करने वाले वाहनों की पहले रेकी करते थे और मास्टर चाबी से वाहनों को लेकर चंपत हो जाया करते थे। इन वाहनों को दूसरे जिलों में ले जाकर अवैध कार्य में इस्तेमाल करते थे। गिरफ्तार आरोपितों में सिरदला थाना क्षेत्र के विजयपुर गांव का आशीष राजवंशी, चौली गांव का सूरज कुमार और सुनील कुमार शामिल हैं। पुलिस चोरी की बाइक का सत्यापन कर न्यायिक प्रक्रिया के बाद उनके मालिकों को सौंपेगी। पुलिस वाहन चोर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### जहरीली शराब कांड का सरगना व 50 हजार का इनामी आरोपित गिरफ्तार



एजेंसी

**नवादा।** नवादा में 14 लोगों की जहरीली शराब से मौत के मामले में फरार 50 हजार रुपये के इनामी आरोपित पिंकू उर्फ चंदन यादव को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस सफलता पर लोगों ने नवादा के टाउन इंस्पेक्टर अविनाश कुमार को बधाई दी है। वर्ष 2021 में नवादा नगर थाने के गोंदपुर तथा बुधौली इलाके में आंख की रोशनी खत्म होने तथा दिमागी हालत खराब होने पर बड़ी संख्या में लोगों को नवादा सदर अस्पताल में दाखिल कराया गया था। इस दौरान 14 लोगों की तड़प-तड़प कर मौत हो गई थी। जांच के बाद सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने बताया था कि जहरीली शराब पीने से इनकी मौत हुई है। तत्कालीन डीएम यशपाल मीणा तथा तत्कालीन एसपी धूरत सायली सबलराम ने इस मामले की सघन जांच कराया, तो पता चला कि गोंदापुर का पिंकू यादव उर्फ चंदन यादव शराब बनाकर इलाके में आपूर्ति करने का काम करता है। उसकी शराब पीने से लोगों की मौत हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन थाना प्रभारी तिवारी को निलंबित कर दिया गया था। तत्कालीन एसपी धूरत सायली तथा डीएम यशपाल मीणा के सख्त रवैया के कारण इस धंधे में शामिल अधिकांश अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था लेकिन पिंकू तब से फरार था, जिसे पुलिस ने नवादा जिले का रजौली थाना क्षेत्र के इलाके में गिरफ्तार कर लिया है। इस शातिर अपराधी पर सरकार ने 50 हजार इनाम की भी घोषणा की थी।




## एक्शन सीरीज रक्त ब्रह्माण्ड का दिलचस्प पोस्टर के साथ एलान

### राज एंड डीके की जोड़ी करेगी धमाल

फिल्म मेकर्स राज एंड डीके ने एक और नेटफ्लिक्स प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसका नाम रक्त ब्रह्माण्ड है. जिसकी अनाउंसमेंट नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर की. फिल्म की कास्ट जल्द अनाउंस होगी लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक इसमें अली फजल और सामंथा रूथ प्रभु नजर आ सकते हैं हालांकि अभी ऑफिशियल अनाउंसमेंट बाकी है. ओटीटी प्लेटफॉर्म ने एक दिलचस्प पोस्टर के साथ इसकी घोषणा की. इस शो का निर्देशन तुम्बाड फेम राही अनिल बर्वे करेंगे. राज और डीके की नई नेटफ्लिक्स सीरीज के अनाउंसमेंट पोस्टर में एक मुकुट की तस्वीर है, जिसके हर कोने से खून टपक रहा है. राजकुमार राव, दुलकर सलमान और आदर्श गौरव-स्टारर गन्स एंड गुलाब्स के बाद नेटफ्लिक्स के साथ राज और डीके का यह दूसरा कोलेबोशन है. रक्त ब्रह्माण्ड: द ब्लडी किंगडम का पहला पोस्टर शेयर करते हुए नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम पर कैप्शन लिखा गया- हमें बड़ी खबर मिली है जो आपके खून में हलचल मचा देगी! हम अपनी पहली एक्शन-फैंटेसी सीरीज को अनाउंस करते हुए काफी एक्साइटमेंट हो रही है. यह सीरीज एक रोमांचक और रोमांचक कहानी का वादा करती है, जो एक फिक्शनल साम्राज्य में सेट है, जिसमें पावरफुल एक्शन और शानदार सीन देखने को मिलेंगे. शूटिंग जल्द ही शुरू होगी वहीं कलाकारों का ऑफिशियल अनाउंसमेंट होना अभी बाकी है. नेटफ्लिक्स के साथ अपने रोमांचक कोलेबोशन के बारे में बात करते हुए, राज और डीके ने कहा- हमारे लिए भी यह कुछ नया है जो इसे और भी रोमांचक बनाता है. हमारा लक्ष्य एक ऐसी फिक्शनल दुनिया बनाना है जो हमें बचपन में सुनी गई कहानियों की याद दिलाता हो. नेटफ्लिक्स के साथ काम करना शानदार रहा है और रक्त ब्रह्माण्ड के लिए भी हम काफी एक्साइटेड हैं. इसके बाद, राज और डीके की सिटाडेल का हिंदी वर्जन रिलीज करेंगे. जिसमें वरुण धवन और सामंथा रुथ प्रभु लीड रोल में हैं, यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी.

# जरीन खान नहीं करेंगी शादी

### बोलीं- खाने की तरह इंसान को भी स्वाइप कर रहे लोग



अभिनेत्री जरीन खान भले ही फिल्मों में अपनी पहचान बनाने में नाकाम रही हों, लेकिन उनकी फैन फॉलोइंग अच्छी-खासी है और सोशल मीडिया पर वह अपने प्रशंसकों से जुड़ी रहती हैं।जरीन की खूबसूरती पर उनके प्रशंसक जान छिड़कते हैं। कुछ समय पहले उनका अभिनेता देवाशीष मिश्रा से नाम जुड़ा था। हालांकि, फिर उनकी राहें जुदा हो गईं।हाल ही में जरीन ने बताया कि वह शादी नहीं करना चाहतीं। उन्होंने इसके पीछे की वजह भी बताई। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया से अपनी शादी की योजना पर जरीन बोलीं, मुझे नहीं करनी कोई शादी। मेरी जिंदगी की यही सच्चाई है कि मैं कभी शादी नहीं करना चाहती। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप इसे क्या कहते हैं। आजकल चीजें जिस तरह से हैं, शादी हुई और 3 महीने में छोड़ दिया। जिस तरह से लोग फोन पर खाना स्वाइप करके घर मंगा रहे हैं, उसी तरह से इंसान भी स्वाइप करके घर आ रहे हैं। इसके अलावा भारती ने उनसे पूछा कि क्या उनके माता-पिता की तरफ से उन पर शादी का दबाव है तो वह बोलीं, कोई दबाव नहीं है घरवालों का। दबाव तभी आता है जब मेरी मां शादी देखती है और कहती है, तुम भी कर लो शादी अब। वह कहती हैं घर पर लोग आते हैं। नाचते-गाते हैं, अच्छा लगता है।अभिनेत्री बोलीं, मैं मां से कहती हूं कि ऐसे ही बुलाकर नचवा लो। मैं खुश अच्छी नहीं लग रही आपको? जरीन बोली, बहुत अजीब जमाना चल रहा है। मुझे मेरे नाना-नानी, दादा-दादी की जो लव स्टोरी थी, वो चाहिए। वो मरते दम तक एक-दूसरे के साथ थे, ऐसा कोई शख्स मिलना आज के जमाने में मुश्किल है। मेरी रिश्तेदारी में रिश्ते मेरे पास आते होंगे तो पता नहीं, मेरे सामने तो अभी तक ऐसा कोई नहीं आया।जरीन ने इससे पहले एक इंटरव्यू में बताया था कि वह जिंदगीभर साथ रहने वाले रिश्ते पर भरोसा करती हैं। जरीन ने अपने हालिया इंटरव्यू में सलमान खान के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, सलमान से हमेशा ही मुझे वो डर रहता है। डर से ज्यादा, डराना, लेकिन वह बेहद भले इंसान हैं और नेक दिलवाले हैं।जरीन, सलमान की फिल्म वीर से बॉलीवुड में आई थीं। वह हाउसफुल 2 और हेट स्टोरी 3 जैसी कई फिल्मों में दिखीं, लेकिन उन्हें खास सफलता नहीं मिली।उनकी आखिरी फिल्म 2021 में आई हम भी अकेले तुम भी अकेले थी।



## बॉक्स ऑफिस पर कल्कि 2898 एडी की रफ्तार हुई कम

### 35वें दिन लाखों में सिमटी कमाई

भले ही प्रभास स्टारर 'कल्कि 2898 एडी को रिलीज़ हुए एक महीने से ज्यादा हो गया है लेकिन ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अब भी धमाल मचा रही है.दरअसल फिल्म की दमदार कहानी और इसकी मेगा स्टार कास्ट ने ऑडियंस को मोह लिया है जिसके चलते फिल्म का क्रेज अब भी बना हुआ है. दिलचस्प बात ये है कि एक महीने पुरानी ये फिल्म कई लेटेस्ट फिल्मों से ज्यादा कमाई कर रही है और अपने कलेक्शन में हर दिन करोड़ों का इजाफा कर रही है. 'कल्कि 2898 एडी की कमाई पर गौर करें तो फिल्म का पहले हफ्ते का कारोबार 414.85 करोड़, दूसरे हफ्ते की कलेक्शन 128.5 करोड़, तीसरे हफ्ते का कारोबार 56.1 करोड़ और चौथे हफ्ते का कलेक्शन 24.4 करोड़ रहा. वहीं पांचवें हफ्ते के पांचवे फ्राइडे फिल्म ने 125 करोड़ कमाए. जबकि पांचवें शनिवार को 2.9 करोड़, पांचवें रविवार 4 करोड़, पांचवें सोमवार 1.05 करोड़ और पांचवें मंगलवार को 95 लाख का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 35वें दिन यानी पांचवें बुधवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक 'कल्कि 2898 एडी ने पांचवें बुधवार को 95 लाख रुपये कमाए हैं. इसके बाद 'कल्कि 2898 एडी का पांच दिनों का कुल कलेक्शन अब 634.32 करोड़ रुपये हो गया है.



## प्रियंका चहर चौधरी ने फ्लोरल क्रॉप टॉप पहन बिखेरा जलवा

### एक्ट्रेस की कातिल अदाओं ने फैंस के उड़ाए होश

बिग बॉस फेम प्रियंका चाहर चौधरी (क्कह्द्ब4ह्ड्डद्मड्ड ष्टद्धशह्वस्रद्धड्डह्म्4) फैंस के दिलों को बेताब किए रहती हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। सीरियल उड़ारियां में एक्टिंग का जलवा बिखेरने वाली प्रियंका चौधरी फैशन सेंस से सुर्खियों पर छाई रहती हैं। एक्ट्रेस व बिग बॉस का हिस्सा रह चुकीं प्रियंका चहर चौधरी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहती हैं. साथ ही उनके फैंस भी उन्हें दिलो जान से चाहते हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपकी आंखें ठहर जाएंगी. प्रियंका ने फ्लोरल क्रॉप टॉप पहना है, लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने हेयर ओपन रखे हैं और सेक्सी पोज दे रही हैं. एक्ट्रेस की हॉट तस्वीरें देख यूजर्स बावले हो उठे हैं और कमेंट बॉक्स पर फायर इमोजी व रेड हार्ट इमोजी की बारिश करने में जुट गए हैं. प्रियंका चाहर बिग बॉस से पहले ये है चाहतें, गठबंधन और सावधान इंडिया जैसे सीरियल्स में काम कर चुकी हैं। प्रियंका अपनी खूबसूरती और बोल्डनेस से अच्छे अच्छे के अरमानों को डोलाने का हुनर जानती हैं। प्रियंका का असली नाम परी चौधरी बताया जाता है, लेकिन कहा जाता है कि न्यूमरोलॉजिस्ट के कहने पर उन्होंने अपना नाम प्रियंका कर लिया। उल्लू के वेब सीरीज '3जी गाली गलोच गर्ल्स में भी एक्ट्रेस को देखा गया, जिसमें वो लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आई।

## जॉन अब्राहम की फिल्म वेदा का ट्रेलर हुआ रिलीज, सामने आया अभिनेता का धांसू अवतार

जॉन अब्राहम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जिनका नाम भले ही इंडस्ट्री के बड़े सितारों में शुमार नहीं हुआ, लेकिन वह अपने दम पर दर्शकों के बीच अपनी एक अलग पहचान बनाने में कामयाब रहे।पिछली बार शाहरुख खान के साथ फिल्म पठान में दिखे जॉन की अगली फिल्म वेदा का उनके प्रशंसकों को बेसब्री से इंतजार है, जिससे जुड़ीं तमाम रोचक जानकारियां सामने आ चुकी हैं।अब इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एक्शन के मामले में जॉन का कोई जवाब नहीं और वेदा के जरिए फिर उन्होंने यह साबित कर दिया है।जॉन के साथ-साथ ट्रेलर में अभिनेत्री शरवरी वाघ का भी एक्शन अवतार देखने लायक है, जो अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए जद्दोजहद करती दिख रही हैं।उधर मौनी रॉय और अभिषेक बनर्जी की झलक भी ट्रेलर में दिखाई गई है, वहीं जॉन के साथ तमन्ना भाटिया की जोड़ी भी फिल्म में जंच रही है। वेदा 15 अगस्त को सिनेमाघरों का रुख करेगी। हालांकि, इस दिन यह अकेले सिनेमाघरों में दस्तक नहीं दे रही है। फिल्म स्त्री का दूसरा भाग स्त्री 2 भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगा। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव जैसे कलाकार भूमिका में नजर






आएंगे।दूसरी ओर एक्शन थ्रिलर पैन इंडिया फिल्म डबल इस्मार्ट भी काफी चर्चा में है। यह भी 15 अगस्त को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। संजय दत्त भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। ट्रेलर देख एक यूजर ने लिखा, चाहे कुछ भी कहो, लेकिन जॉन अपनी हर फिल्म में कुछ अलग ट्राय करते हैं।एक ने लिखा, जॉन आ रहे हैं, वो भी स्वतंत्रता दिवस पर मतलब एक सुपरहिट फिल्म मिलने वाली है।एक ने लिखा, जॉन के साथ शरवरी का भी एक जुदा अवतार देखने को मिल रहा है।एक लिखते हैं, वाह! जबरदस्त, जोरदार और शानदार।कुछ ने तो जॉन की परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार तक की मांग कर दी है। बता दें वेदा के प्रोडक्शन का काम भी जॉन ने ही संभाला है।जल्द ही उन्हें फिल्म द डिप्लोमेट में भी देखा जाएगा। इसका निर्देशन शिवम नायर ने किया है, जो नाम शबाना और मुखबिर जैसी फिल्में और वेब सीरीज बना चुके हैं।इसके अलावा उनकी फिल्म तेहरान आने वाली है, जिसमें उनके साथ मानुषी छिल्लर नजर आएंगी। उनकी फिल्म तारीख भी कतार में है।इन सभी फिल्मों से जॉन बतौर निर्माता भी जुड़े हुए हैं।



## धनुष की रायन बॉक्स ऑफिस पर उड़ा रही गर्दा, 60 करोड़ की करीब पहुंची कमाई


वैसे तो इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर डेडपूल एंड वूल्वरिन, कल्कि 2898 एडी जैसी फिल्मों का जलवा देखने को मिल रहा है. लेकिन इसी के साथ एक और फिल्म है जो कि बिना किसी शोर-शराबे के मस्त चल रही है और ठीक-ठाक कमाई कर रही है, वह है साउथ की फिल्म रायन. धनुष की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी ओपनिंग की थी. इसके बाद से फिल्म की रफ्तार कम होने का नाम ही नहीं ले रही है और धाकड़ अंदाज में फिल्म दौड़े जा रही है.



फिल्म भारत में तो 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर ही चुकी है, वहीं वर्ल्डवाइड भी धड़ल्ले से आगे बढ़ रही है. वीकेंड के अलावा फिल्म वीकडेज में भी अच्छी कमाई कर रही है. 26 जुलाई को हुए रायन के प्रीमियर के बाद फिल्म ने बेहतरीन कमाई के जरिए सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा. बढ़िया ऑक्यूपेंसी के साथ फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई है. एसजे सूर्या, संदीप किशन, कालिदास जयराम, अपर्णा बालमुरली, दुशारा विजयन, प्रकाश राज और सरवनन सहित शानदार कलाकारों के साथ, रायन टिकट खिड़कियों पर कब्जा जमाए है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो सैकनिल्क के अनुसार शुरुआती पांच दिनों में फिल्म ने करीब 53 करोड़ की कमाई की है. रायन के छठे दिन का कलेक्शन देखें तो सैकनिल्क के अनुसार रायन ने सभी भाषाओं में चार करोड़ के आसपास का कलेक्शन किया है. इसके साथ फिल्म की कुल कमाई 57 करोड़ रुपये हो गई है. वहीं बुधवार 31 जुलाई, 2024 को रायन की तमिल ऑक्यूपेंसी पूरे दिन अलग-अलग रही. सुबह के शो में यह 14.27त्न, दोपहर के शो में 19.50त्न, शाम के शो में 20.82त्न और रात के शो में 24.03त्न. जिससे कुल ऑक्यूपेंसी रेट 19.66त्न रहा. उसी दिन तेलुगु ऑक्यूपेंसी 16.26त्न थी, जबकि हिंदी ऑक्यूपेंसी 9.18त्न थी. धनुष की रायन को दुनियाभर में करीब 1600 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था. 90 करोड़ के बजट में बनी यह फिल्म कुछ दिन में बेहतरीन कमाई के जरिए कम से कम बजट तो निकाल ही लेगी. बता दें कि रायन की कहानी एक निर्दोष व्यक्ति की है, जो अपने परिवार की हत्या के बाद बदला लेने की चाह में अंडरवर्ल्ड में उलझ जाता है. धनुष द्वारा निर्देशित इस बेहतरीन रिवेंज ड्रामा को इसके स्क्रीनप्ले और एआर रहमान द्वारा दिए गए म्यूजिक के लिए काफी सराहा जाता है.

## एक्शन ड्रामा फिल्म उत्तराखंड से शिव राजकुमार का फर्स्ट लुक आया सामने

टीम उत्तराखंड ने करुणादा चक्रवर्ती डॉ. शिवराजकुमार के जन्मदिन के अवसर पर उनके बहुप्रतीक्षित लुक का खुलासा किया है। मालिका की भूमिका में शिवन्ना के लुक ने उत्साह को जगा दिया है। टीम उत्तराखंड ने पात्रों और उनके पोस्टरों को पेश करने के लिए एक अनोखे तरीके का इस्तेमाल किया है, और अब शिवन्ना के लुक को सामने लाकर वे चर्चा का विषय बन गए हैं। खून से सना चेहरा और शरीर शिवन्ना की एक बहुत ही उग्र छवि को दर्शाता है, और इसने उत्सुकता को बढ़ा दिया है। रोहित पादकी द्वारा निर्देशित और केआरजी स्टूडियो के बैनर तले कार्तिक गौड़ा और योगी जी राज द्वारा निर्मित सैंडलवुड की सबसे प्रतीक्षित फिल्म उत्तरकांड प्रसिद्ध भारतीय गायक, संगीतकार अमित त्रिवेदी ने फिल्म के लिए संगीत तैयार किया है। अद्वैत गुरुमूर्ति फोटोग्राफी के निर्देशक हैं, विश्वास




कश्यप कला निर्देशक हैं और अनिल अनिरुद्ध संपादक हैं। उत्तरकांड एक एक्शन ड्रामा है जिसमें करुणादा चक्रवर्ती डॉ.शिवराजकुमार, नटराक्षस दाली धनंजय, भावना मेनन, ऐश्वर्या राजेश, दिगंत मनचले और अन्य कलाकार हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### चेप्टेगी ने ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ 10,000 मीटर दौड़ में जीता स्वर्ण




**पेरिस।** युगांडा के जोशुआ चेप्टेगी, जो तीन बार विश्व 10,000 मीटर चैंपियन हैं, स्टेड डी फ्रांस में चल रहे पेरिस 2024 खेलों के पहले ट्रैक और फील्ड फाइनल में ओलंपिक 10,000 मीटर चैंपियन बने। जोशुआ चेप्टेगी ने 26:43.14 का ओलंपिक रिकॉर्ड बनाया। सबसे तेज फिनिश करने वाले इथियोपिया के बेरिहू आरेगावी ने 26:43.44 के समय के साथ रजत जीता, जबकि यूएसए के ग्रांट फिशर ने अपनी फॉर्म को बरकरार रखते हुए 26:43.46 के समय के साथ कांस्य पदक जीता। मिश्रित 4x400 मीटर हीट में वर्नोन नोरवुड, शमीर लिटिल, ब्राइस डेडमॉन और केलीन ब्राउन की अमेरिकी चौकड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। अमेरिकी चौकड़ी ने 3:07.41 का समय लेकर एक सेकंड से अधिक अंतर से पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया - जो पिछले वर्ष बुडापेस्ट में अमेरिका द्वारा विश्व खिताब जीतने के समय बनाया गया था। नॉरवुड ने 44.47 सेकंड में दौड़कर अमेरिकी टीम को शुरूआती बढ़त दिलाई, फिर लिटिल ने दूसरे चरण में 49.32 सेकंड में दौड़कर बढ़त को बढ़ाया, जो प्रारंभिक दौर में किसी भी महिला का सबसे तेज लैप था। डेडमॉन ने तीसरे चरण में 44.17 सेकंड लिया और फिर ब्राउन ने 49.45 सेकंड लेकर अमेरिकी टीम को जीत दिलाई। ब्राउन ने फ्रांस से तीन सेकंड से अधिक समय पहले रेखा पार की, जिसने 3:10.60 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। बेल्जियम 3:10.74 के साथ तीसरे स्थान पर रहा, जो एक राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वेस्टइंडीज के घरेलू टेस्ट मैचों के लिए रोच की वापसी



**नई दिल्ली।** केमार रोच दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। काउंटी चैंपियनशिप के दौरान घुटने में लगी चोट के कारण रोच को वेस्टइंडीज के हाल ही में संपन्न इंग्लैंड दौरे से बाहर होना पड़ा था। इस बीच, साथी तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को आराम दिया गया है, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज जोशुआ दा सिल्वा उप-कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुख्य कोच आंद्रे कोली ने सीडब्ल्यूआई प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ₹हमने इस श्रृंखला के लिए अपने उप-कप्तान अल्जारी जोसेफ को आराम देने का फैसला किया है। अल्जारी पर हाल ही में काफी काम का बोझ रहा है, और यह ब्रेक उसे स्वस्थ होने और शीर्ष प्रदर्शन पर लौटने का मौका देगा। ऑफ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर केविन सिंक्लेयर टीम का हिस्सा नहीं हैं।

### भारतीय शॉटपुट एथलीट तजिंदरपाल सिंह तूर का पेरिस ओलंपिक में अभियान समाप्त



**पेरिस।** तजिंदरपाल सिंह तूर के क्वालीफिकेशन राउंड से बाहर होने के बाद चल रहे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता, जिन्होंने 21.77 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ के साथ शॉटपुट में अपनी क्षमता का दावा किया, अपने खेल से दूर दिखे। शॉटपुट में अक्सर अग्रणी माने जाने वाले तूर ग्रुप ए में 15वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने तीन प्रयासों में 18.05 मीटर का अपना सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए तूर को शीर्ष 12 में जगह बनाने की जरूरत थी। हालांकि, 18.05 मीटर के प्रयास के बाद, दो फाउल थ्रो के बाद, तजिंदर का पेरिस ओलंपिक में सफर एक भयानक अंत पर पहुंच गया। अपने पहले थ्रो के बाद, तूर 14वें स्थान पर आ गए।

# ट्रायथलान : नोयडा के प्रिंस और अंश ने जीता गोल्ड

● वृंदावन की नंदिनी भी रहीं अव्वल



■ अंश ने चाइल्ड ग्रुप 3 (14 से 13 वर्ष) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया
■ प्रिंस ने 10 मिनट 6 सेकंड समय के साथ मैराथन में स्वर्ण पदक जीता

**लखनऊ। एजेंसी**

साई नोएडा के प्रिंस व अंश चौधरी ने प्रथम नेशनल ट्राय थलॉन एवं एक्वाथलॉन प्रतियोगिता के पहले दिन हुई एक्वाथलॉन की प्रतियोगिता में पहले तैराकी की और फिर दौड़ में चुनौती के बाद गोल्डेन सफलता हासिल की। उत्तर प्रदेश ट्रायथलॉन एसोसिएशन के भारतीय खेल प्राधिकरण क्षेत्रीय केंद्र, सरोजनीनगर, लखनऊ में पहले दिन एक्वाथलॉन की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रिंस ने चाइल्ड ग्रुप टू (15 से 16 वर्ष) में और अंश ने चाइल्ड ग्रुप 3 (14 से 13 वर्ष) में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

वहीं आईटी कॉलेज के अविधा पंडित ने आज सबसे कठिन कोर्स महिला (19 वर्ष से अधिक) में प्रतिभाग किया जिसमें 500 मी.तैराकी के बाद 5 किमी. दौड़ पूरी तरह से होती है। चाइल्ड ग्रुप 2 (15 से 16 वर्ष, 250 मी.तैराकी, 2 कि.मी. दौड़) में साई नाऊल के प्रिंस ने 10 मिनट 6 सेकंड समय के साथ मैराथन में स्वर्ण पदक जीता। सीएमएस रेजिडेंट नगर प्रथम के अयान यादव ने 11 मिनट 4 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता। सीएमएस अलीगंज के कृष्णा जोसेफ को 12 मिनट 24 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक मिला। गैलरी ग्रुप -2 (15 से 16 वर्ष, 250 मी.तैराकी, 2 किमी. दौड़) में एलन हाउस वृंदावन की नंदिनी यादव 16 मिनट 44 सेकंड के समय के साथ अव्वल रही। डीपीएस जानकीपुरम की अनुश्रुति सिंह ने 17 मिनट 9 सेकेंड में रजत पदक जीता और डीपीएस जानकीपुरम की अनुश्रुति सिंह ने 22 मिनट 45 में सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। बालक समूह -3 (14 से 13 वर्ष, 250 मी. तैराकी, 1.5 कि.मी. दौड़) में साई लखनऊ के अंशों ने 10 मिनट 21 मिनट के साथ स्वर्ण पदक जीता। साई नाऊन के चैतन्य निम्बकर ने 10 मिनट 48 सेकंड के समय के साथ सिल्वर व के जनरल के रूप में रजत पदक जीता।

ग्रुप -3 ( 14 से 13 वर्ष, 250 मी. तैराकी, 1.5 कि.मी. दौड़) डी पी.एस. रुचिनगर विस्तार की अनन्या सिंह ने 18 मिनट 8 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण व इसी स्कूल की वान्या पालीवाल ने 21 मिनट 7 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता। बस्ती ग्रुप 1 (17 से 18 वर्ष, 350 मी.तैराकी, 2.5 कि.मी. दौड़) में सीएमएस रेड्डी नगर प्रथम की प्रज्ञा ने स्वर्ण पदक जीता।

इससे पूर्व उद्‌घाटन समारोह के निदेशक रविन कपूर ने अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता क्रीत प्रकाश मिश्रा, लक्ष्मण अवार्डी तैराक सुमित प्रसाद उपस्थित रहे। आज के उद्घाटन के दौरान उत्तर प्रदेश ट्रायथलॉन एसोसिएशन के सचिव संदीप मिश्रा ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि रविवार को 4 अगस्त को ट्रायथलॉन में छोटे बच्चों (7 से 12 वर्ष) के साथ एक्वाथलॉन के खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा।

# महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग फाइनल में चौथे स्थान पर रहीं मनु भाकर




**पेरिस। एजेंसी**

शनिवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में मनु भाकर ऐतिहासिक तीसरा ओलंपिक पदक जीतने से चूक गईं, वह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल फाइनल में 28 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहीं।

वह पहले विश्व रिकॉर्ड धारक (25 मीटर पिस्टल) हंगरी की वेरोनिका मेजर के साथ तीसरे स्थान पर थीं, लेकिन शूट-ऑफ सीरीज में दो अंक गंवाने के बाद हंगरी की वेरोनिका पोडियम पर पहुंच गईं। दक्षिण कोरिया की यांग जिन ने 37 अंकों (शूट-ऑफ - 4-1 के माध्यम से) के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि फ्रांसीसी निशानेबाज कैमिली जेड्रेजेवस्की को रजत मिला।

शुक्रवार को महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग क्वालीफिकेशन में दूसरे स्थान पर रहने के बाद मनु ने चल रहे ग्रीष्मकालीन खेलों में अपने तीसरे फाइनल में प्रवेश किया था। कोई भी अन्य भारतीय निशानेबाज एक ओलंपिक में एक से अधिक फाइनल में नहीं पहुंचा है, और केवल अभिनव बिंद्रा ने तीन खेलों में भारत के लिए तीन ओलंपिक शूटिंग फाइनल में जगह बनाई है।

## आपने पहले ही एक उल्लेखनीय विरासत स्थापित कर ली है : अभिनव बिंद्रा



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय निशानेबाज मनु भाकर ने चल रहे पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया, जिसके बाद ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने 22 वर्षीय खिलाड़ी की सराहना की। मनु भाकर शनिवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहीं।

अभिनव बिंद्रा ने कहा कि मनु भाकर ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है, साथ ही उन्होंने उनकी 'अविश्वसनीय' उपलब्धि की सराहना की है। बिंद्रा ने एक्स पर लिखा मनु, आपने पूरे देश को अपनी असाधारण उपलब्धि के लिए खड़ा होने और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया है। तीसरा ओलंपिक पदक जीतना एक असाधारण उपलब्धि होती, लेकिन पेरिस में आपने जो हासिल किया है, वह वास्तव में यादगार है। आपकी यात्रा अथक परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है। मात्र 22 वर्ष की उम्र में आपने एक उल्लेखनीय विरासत स्थापित कर ली है और यह तो बस शुरूआत है। ऐतिहासिक अभियान के लिए बधाई। मनु समर गेम्स में तीन पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने के करीब पहुंच गई थीं, लेकिन वह 25 मीटर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहने के बाद यह मौका चूक गईं।

## भारतीय तीरंदाज भजन कौर व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा से बाहर



**पेरिस। एजेंसी**

भारतीय तीरंदाज भजन कौर शनिवार को पेरिस ओलंपिक में इंडोनेशिया की दियानंदा चोइरुनिसा से हारने के बाद राउंड ऑफ 16 में व्यक्तिगत महिला तीरंदाजी स्पर्धा से बाहर हो गईं। कौर 5-5 (0-2, 2-0, 0-2, 1-1, 2-0) से बराबरी पर थीं और मैच शूट ऑफ पर था। भारतीय तीरंदाज पूरे मुकाबले में अपनी इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी का पीछा कर रही थीं।

निर्णायक चौथे सेट में भजन ने अपने अंतिम शॉट में महत्वपूर्ण 10 का तीर मारा जिससे शूट-ऑफ की नौबत आ गई। 18 वर्षीय तीरंदाज शूट-ऑफ में गेम हार गईं क्योंकि वह चोइरुनिसा के 9 के जवाब में 8 हिट करने में सफल रहीं। इस मुकाबले से पहले, दूसरी तीरंदाज दीपिका कुमारी जर्मनी की मिशेल क्रॉपेन के खिलाफ अपने राउंड ऑफ 16 मैच के दौरान एक्शन में थीं। दीपिका ने लेस इनवैलिड्स में राउंड ऑफ 16 के मैच में अपनी जर्मन प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 6-4 (2-0, 1-1, 2-0, 0-2, 1-1) से जीत हासिल की।

भारतीय तीरंदाज ने पहले सेट में 27-24 से जीत दर्ज करके शानदार प्रदर्शन किया। दूसरे सेट में दीपिका ने 10, 8 और 9 के हिट लगाए। जबकि उनकी जर्मन प्रतिद्वंद्वी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और लगातार तीन 9 हिट लगाए। दीपिका ने वापसी की और तीसरा सेट जीतकर मैच में 5-1 की बढ़त ले ली।

## कैंची धाम पहुंचे रिंकू सिंह, पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद



**नैनीताल।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह शनिवार को नैनीताल स्थित कैंची धाम पहुंचे। रिंकू सिंह ने यहां बाबा नीब करौरी महाराज की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। रिंकू उत्तराखंड मूल के क्रिकेटर आर्यन जुयाल के साथ कैंची धाम पहुंचे और यहां आधे घंटे तक मंदिर में रहने के बाद लौट गये। कैंची धाम पहुंचने पर मंदिर समिति के प्रबंधक प्रदीप साह और ग्राम प्रधान पंकज निगल्टिया ने उन्हें बाबा से जुड़े चमत्कारों और रोमांचक किस्सों से अवगत कराया। रिंकू सिंह ने कहा कि बाबा के प्रति आस्था उन्हें कैंची धाम ले आई। यहां आकर उन्हें बहुत अच्छा लगा। इस दौरान रिंकू सिंह को अपने बीच देख कैंची धाम में मौजूद उनके प्रशंसक खुश हो गए और उन्होंने उनके साथ फोटो और सेल्फी ली।

## फ्रांस ने अर्जेंटीना को हराकर सेमीफाइनल के लिए किया क्वालीफाई



**पेरिस। एजेंसी**

जीन-फिलिप माटेता के एकमात्र गोल की बदौलत फ्रांस ने शनिवार (भारतीय समयानुसार) को अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। जीन-फिलिप माटेटा ने मैच के पांचवें मिनट में ही हेडर के जरिये गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी थी, जो मैच के अंत समय तक बरकरार रहा। हालांकि मैच के 83वें मिनट में माइकल ओलिस ने शानदार गोल किया, जिसे फाउल करार दे दिया गया। गेंद दाएं फ्लैंक से बॉक्स के अंदर ओलिस के पास पहुंची। उन्होंने शॉट मारा, जो डिफेंडर से टकराकर गोल में चला गया। लेकिन इस गोल को फाउल मानते हुए इसे अस्वीकार कर दिया गया। बावजूद, इसके मेजबान देश ने मैच के अंतिम दस मिनट तक धैर्य बनाए रखा और बढ़त सुनिश्चित की। मैच जीतने के बाद फ्रांस के सेंटर-बैक लोइक बेडे ने कहा यह एक महत्वपूर्ण मैच था और हम विजेता बनकर उभरे।

बता दें कि मैच के दौरान दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच काफी नोकझोक भी हुई और मैच समाप्त होने पर यह लड़ाई में बदल गई, हालांकि मैच रेफरी और अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद सबकुछ सामान्य हो गया।

# वाणिज्य

## स्टेट बैंक को पहली तिमाही में 17035 करोड़ रुपये का हुआ मुनाफा




**नई दिल्ली। एजेंसी**

देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल-जून तिमाही में एसबीआई का मुनाफा सालाना आधार पर एक फीसदी उछलकर 17,035.16 करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 16,884 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एसबीआई ने शनिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 30 जून, 2024 को समाप्त अप्रैल-जून तिमाही में एकल आधार पर उसका शुद्ध लाभ 17,035 करोड़ रुपये रहा है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक को 16,884 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। बैंक के मुताबिक उसकी कुल आमदनी जून तिमाही में बढ़कर 1,22,688 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 1,08,039 करोड़ रुपये रही थी।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एसबीआई ने बताया कि पहली तिमाही में बैंक की ब्याज से आमदनी बढ़कर 1,11,526 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में 95,975 करोड़ रुपये थी। बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) कुल अग्रिमों में से पहली तिमाही में घटकर 2.21 फीसदी रह गईं, जो पिछले साल जून के अंत में 2.76 फीसदी थी। इसी तरह एसबीआई का शुद्ध एनपीए भी जून, 2024 में घटकर 0.57 फीसदी रह गया, जो एक साल पहले 0.71 फीसदी था।

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नयी दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर साप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 2.84 प्रतिशत की गिरावट लेकर 74.14 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 3.10 प्रतिशत उतरकर 77.56 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

## जकार्ता में एआईटीआईजीए की 5वीं संयुक्त समिति की हुई बैठक




**नई दिल्ली। एजेंसी**

आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौता (एआईटीआईजीए) संयुक्त समिति की 5वीं बैठक 29 जुलाई से एक अगस्त, 2024 तक इंडोनेशिया के जकार्ता में हुई। इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और मलेशिया के निवेश, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के उप महासचिव (व्यापार) मस्तूरा अहमद मुस्तफा ने की। इसमें सभी दस आसियान देशों और भारत के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि इंडोनेशिया के जकार्ता में एआईटीआईजीए की 5वीं संयुक्त समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक में आसियान और भारत के बीच आर्थिक सहयोग बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुई, जिसमें आसियान-भारत व्यापार संबंधों को आगे बढ़ाया गया।

इसकी समीक्षा से व्यापार वृद्धि के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है। एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की अगली बैठक 19-22 नवंबर 2024 को भारत में होगी। उल्लेखनीय है कि आसियान भारत के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापार भागीदार बना हुआ है, जो भारत के वैश्विक व्यापार का लगभग 11 फीसदी है। आसियान-भारत सेवा व्यापार समझौते पर सभी पक्षों ने 13 नवंबर, 2014 को हस्ताक्षर किए थे। ये समझौता एक जुलाई 2015 को लागू हुआ था।

## अल्फाड्रॉइड ने कन्वर्सेशनल एआई हेअल्फा किया लॉन्च

**ग्रेटर नोएडा।** रोबोटिक क्षेत्र की कंपनी अल्फाड्रॉइड ने यहां से शुरू हुये चार दिवसीय इंडिया इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2024 में कन्वर्सेशनल एआई हेअल्फा द्वारा संचालित अपने नवीनतम उत्पाद को लांच करने की घोषणा की। कंपनी के सीईओ और संस्थापक संजीव कुमार ने इसे पेश करते हुये कहा हम एक्सपो में हेअल्फा को पेश करके उत्साहित हैं। हमारा लक्ष्य नवीन तकनीक के साथ आतिथ्य में क्रांति लाना है जो परिचालन दक्षता में सुधार करती है और अतिथि अनुभवों को बढ़ाती है। हेअल्फा आतिथ्य उद्योग में स्वचालन को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।" उन्होंने कहा कि हेअल्फा ने आतिथ्य प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण पहल की है, जो मेहमानों के अनुभवों को बदलने और होटल संचालन को बढ़ाने के लिए स्वचालन के साथ उन्नत संवादी एआई का मिश्रण है। हेअल्फा को आतिथ्य उद्योग में आम चुनौतियों से निपटने के लिए डिजाइन किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन दिन पहले घर से लापता युवक का जंगल में मिला शव

- **गांगरौली के जंगल में संदिग्ध स्थिति में मिला शव, पुलिस ने जांच पडताल कर कराया पोस्टमार्टम**



**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)।** तीन दिन पहले घर से लापता गांगरौली निवासी जगन सिंह पुत्र छिद्दी सिंह का संदिग्ध स्थिति मे शव मिलने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर उपजिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया।

पुलिस के अनुसार मृतक युवक एक अगस्त को घर से लापता हो गया। जिसको लेकर शनिवार को युवक की पत्नी कुंती देवी ने गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज कराई। मामलें में पुलिस जांच पडताल कर रही। लेकिन, इससे पहले रविवार को गांगरौली के जंगल में युवक का शव मिल गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर युवक के शव को कब्जे में लिया। बाद में शव की शिनाक्त होने पर पुलिस ने उपजिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

### कार की चपेट से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत



**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के गांव बरौलीछार के समीप शनिवार देर रात कार की चपेट से बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। सड़क के समीप युवक का शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने कर शव को कब्जे में लिया। बाद में उपजिला चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया।

पुलिस के अनुसार सेवर थाना क्षेत्र के गांव महुआ निवासी राहुल जाटव पुत्र विजेन्दर जाटव नदबई में मजदूरी कर अपनी बाइक से खेडली जा रहा। इसी दौरान बरौलीछार के समीप कार की चपेट से हादसा हो गया। जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने जांच पडताल कर शव का पोस्टमार्टम कराया। बाद में मृतक के पिता विजेन्दर जाटव पुत्र रघुवीर जाटव ने कार चालक के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया।

### पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया

- **भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों की सुरक्षा का लिया संकल्प**



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)** भारत के प्रधानमंत्री द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रविवार को वार्ड नंबर 1 स्थित रानी जी वाली ढाणी मेंभाजपाकार्यकर्ताओं ने भाजपा नगर मंडल केउपाध्यक्ष राजेश पलसानिया की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया मुख्य अतिथि एससी एसटी महासंगठन के अध्यक्ष राजेश मंडोवरा थे पौधारोपण कार्यक्रम में वार्ड के वयोवृद्ध माली राम पलसानिया, वार्ड नंबर 2 के युवा नेता महेंद्र ढबास, प्रकाश चंद पलसानिया, रोहिताश यादव व श्रवण यादव बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विभिन्न किस्मों के छायादार पांच पौधे लगाएं और उनके संरक्षण का संकल्प लिया इस दौरान भाजपा के नगर मंडल के उपाध्यक्ष राजेश पलसानिया ने सभी पौधों पर ट्री गार्ड लगाने की घोषणा की इस दौरान वार्ड के नन्हे बच्चे गगन पलसानिया, यश ढबास, अनिष्का ढबास, समाजसेवी फूलचंद पूनिया, हरिप्रसाद जाणिया ने पेड़ों में नियमित रूप से पानी डालने की जिम्मेदारी ली इस दौरान पोधा रोपण कार्यक्रम में वार्ड नंबर 1 के लोग मौजूद थे।

## संभाग के 289 रोगियों का हुआ दर्द निवारण व उपचार

# औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा उपचार शिविर का समापन

चमकता राजस्थान

भरतपुर,(राजवीर सिंह)। संभाग के पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश की पहल पर समृद्व भारत अभियान के सहयोग से सारस चौराहा स्थित होटल द पार्क पर आईजी राहुल प्रकाश एवं निदेशक सीताराम गुप्ता के सानिध्यं चल रहे संभाग स्तरीय औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा व उपचार शिविर का समापन हुआ। जिसकी अध्यक्षता आईजी राहुल प्रकाश ने की, जबकि मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश केशव कौशिक एवं विशिष्ट अतिथि समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता, श्री सांवर लाल औष्टियोपेथ चेरिटेबल संस्थान जोधपुर के औष्टियोपेथी विशेषज्ञ डॉ नन्दकिशोर पाराशर, डॉ गौरव पाराशर, डॉ सौरव पाराशर, डॉ जानकी पाराशर, वैष्य समाज के जिलाध्यक्ष अनिल लोहिया, प्रहलाद खण्डेलवाल रहे। शिविर




में कुल 289 रोगियों के दर्द का निवारण चिकित्सा व उपचार हुए।

जिला न्यायाधीश केशव कौशिक ने कहा कि मानव सेवा ही दुनियां की सबसे बडी सेवा है, ये सेवा प्रत्येक व्यक्ति नही कर सकता है। भाग्यशाली व्यक्ति और संस्थान को मानव सेवा नसीब होती है। उन्होने कहा कि आईजी राहुल प्रकाश की पहल पर समृद्व भारत अभियान ने पुलिस कर्मी एवं उनके परिजन सहित दर्द से पीडित व्यक्ति को दर्द व रोग के निवारण के लिए औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा व उपचार शिविर आयोजित कर मानव सेवा का नेक कार्य किया। जो कार्य सराहनीय है। सभी को निस्वार्थ भाव से देश, मानव, समाज सेवा के कार्य अवशय करने चाहिए।

आईजी राहुल प्रकाश ने कहा कि शिविर में भरतपुर संभाग के सभी जिले के दर्द से पीडित पुलिसकर्मी व उनके परिजन आए और औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा व उपचार कराया। उन्होने कहा कि श्री सांवर लाल औष्टियोपेथ चेरिटेबल संस्थान जोधपुर के औष्टियोपेथी विशेषज्ञ डॉ नन्दकिशोर पाराशर, डॉ गौरव पाराशर, डॉ सौरभ पाराशर, डॉ जानकी पाराशर, समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता एवं उनकी टीम तथा होटल द पार्क का विषेश योगदान रहा।

निदेशक सीताराम गुप्ता ने कहा कि देश, समाज व परिवार में हड्डी, जोडों तथा मांसपेशियों के दर्द से अनेक लोग पीडित है। ऐसा कोई भी परिवार नही, जिसमें इन रोगों से कोई ना कोई सदस्य पीडित नही हो। उक्त रोगों के निवारण को आईजी राहुल प्रकाश की पहल पर दो दिवसीय औष्टियोपेथी दर्द निवारण चिकित्सा व उपचार लगाया गया। शिविर के प्रथम चरण में पुलिसकर्मी व उनके परिजनों को स्वास्थ्य लाभ मिला। अब जल्द ही भरतपुर जिले के उक्त रोग से पडित व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ दिलाने के ये शिविर लगवाया जाएगा।

समृद्व भारत अभियान के प्रदेश प्रभारी पुनीत गुप्ता ने बताया कि शिविर में भरतपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, डीग, गंगापुर जिले के पुलिसकर्मी व उनके परिवारजनों सहित भरतपुर शहर व ग्रामीण अंचल के रोगी भी आए और सभी दर्द का निवारण व उपचार हुआ। उन्होने बताया कि शिविर में श्री सावंर लाल औष्टियोपेथी सेन्टर के विश्व विख्यात औष्टियोपेथी विशेषज्ञ डॉ नन्दकिशोर पाराशर, डॉ गौरव पाराशर, डॉ सौरभ पाराशर, डॉ जानकी पाराशर, हड्डियों, जोडों एवं मांसपेशियों से सम्बन्धित असाध्य रोगो की जांच एवं उपचार किया। शिविर में पीए वीरेन्द्र शर्मा, कुम्हेर के सीडीपीओ महेन्द्र अवस्थी, नरेन्द्र गुप्ता, विष्णु मित्तल, सीमा शर्मा, पूनम कुमारी, सीता खण्डेलवाल, मिथलेश शर्मा, एएसआई कुंवर सिंह, कांस्टेबिल नरेन्द्र देशवाल, कपिल सोंलकी, राजेन्द्र शर्मा, पप्पू कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

## उदयपुर जिले में घंटाघर पुलिस की कार्रवाई

# दो युवकों को तीन घंटे तक बंधक बना लूट करने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर/उदयपुर! (खलील कुरैशी) 4 अगस्त।** लव कुश वाटिका घूमने गए दो युवकों को चाकू की नोक पर 3 घंटे बंधक बना लूटपाट करने वाले चार बदमाशों को थाना घंटाघर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी शातिर बदमाश है जिनमें विरुद्ध पूर्व में भी अपराधिक प्रकरण दर्ज है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त सगीर अली पुत्र असगर अली, साजिद खान पुत्र निसार मोहम्मद, रईस खान पुत्र मोहम्मद रफीक एवं राज कीर उर्फ राज उर्फ दुर्लभ पुत्र शांतिलाल निवासी स्वराज नगर, माछला मगरा थाना सूरजपोल जिला उदयपुर है। सगीर अली के विरूद्ध पूर्व में एक-एक प्रकरण चोरी व आर्म्स एक्ट में दर्ज है तथा अभियुक्त साजिद खान के विरूद्ध पूर्व में एक-एक प्रकरण लूट व आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज हैएसपी गोयल ने बताया कि 19 जुलाई को कुणाल निवासी मेडता, डबोक ने रिपोर्ट पेश की कि वह अपने दोस्त निखिल कुमार के साथ लव कुश वाटिका में घूमने गया था। वॉच टॉवर के पास चार लड़कों ने चाकू दिखाकर दोनो को घेर लिया तथा मोबाईल फोन, घड़िया व नगद 500 रूपये छीन लिये। उसके बाद परकोटे के बाहर की तरफ पहाड़ में झाडियों के बीच ले गये। इसके बाद एक-एक कर दो बदमाश हम दोनों को नीचे पारस चौराहे के पास एक ईमित्र की दुकान पर ले गए और निखिल से 2500 और मुझसे 5000 ऑनलाइन ट्रांसफर करवा ईमित्र से नगद रुपए प्राप्त कर लिए। वापस पहाड़ी पर लाकर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भगा दिया। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। एसपी गोयल के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा व सीओ कैलाश चन्द्र के सुपरविजन में एसएचओ योगेन्द्र व्यास मय टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग से प्रकरण में 04 अभियुक्तों को पुछताछ के बाद गिरफ्तार कर लूटा गया माल बरामद किया गया। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।



### राजेश पलसानिया शाहपुरा युवा विकास मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा (खलील कुरैशी)।** कस्बे की सामाजिक संस्था शाहपुरा युवा विकास मंच समिति के अध्यक्ष राजेश मंडोवरा ने समिति के सभी कार्यकर्ताओं से चर्चा कर वार्ड नंबर 1 स्थित रानी जी वाली ढाणी निवासी राजेश पलसानिया को शाहपुरा युवा विकास मंच का सर्वसम्मति से वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है पलसानिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनने पर मंच के कार्यकर्ताओं ने माला, व साफा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर अभिनंदन किया

## कपासन में दो न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर दिन दहाड़े हुई चोरी का मामला

# चोरी के माल के दो खरीददार सहित तीन गिरफ्तार, चोरी का बाकी माल व सोने चांदी के जेवरात बरामद

चमकता राजस्थान

**जयपुर/चित्तौड़गढ़,( खलील कुरैशी) 04 अगस्त।** 20 जुलाई को कपासन में दो न्यायिक मजिस्ट्रेट के आवास पर दिन दहाड़े हुई चोरी के मामले में कपासन थाना पुलिस और साइबर सेल की टीम ने तीन और आरोपियों की गिरफ्तारी की है। चोरी के माल के खरीददार व आरोपियों को वाहन उपलब्ध कराने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का शेष माल सोने चांदी के जेवरात भी बरामद कर लिए हैं।जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि कपासन के दो न्यायिक मजिस्ट्रेट उदयपुर जिले के भुवाना निवासी महेन्द्र सोलंकी एवं मध्यप्रदेश के सागर जिले के मकरोनीया मुहाल निवासी निष्ठा पाण्डेय के कपासन स्थित सरकारी आवासों से 20 जुलाई को दिन दहाड़े पीछे की खिडकी एंव जाली



तोड कर अज्ञात चोर अन्दर घुस कमरों का एवं आलमारियों के ताले तोडकर आलमारी में रखे आभूषण, सोने चाँदी के जेवरात व किमती घड़ियां व नगदी चुराकर ले जाने की घटना का खुलासा करते हुए कपासन थाना पुलिस व साइबर सेल की टीम ने पारदी गैंग के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया था। मामले में चोरी के शेष माल की बरामदगी करने एवं चोरी के माल को खरीदने वाले व आरोपियों को वाहन उपलब्ध कराने वाले आरोपियों की तलाश की जा रही थी।इसी क्रम में

### 'कानून के हाथ लम्बे होते हैं'- कहावत को कपासन थाना पुलिस एंव साईबर सेल टीम चित्तौडगढ ने किया चरितार्थ

एएसपी चित्तौड़गढ़ परबत सिंह व डीएसपी कपासन अनिल सारण के सुपरविजन में थानाधिकारी कपासन रतन सिंह, उप निरीक्षक लादूलाल, एएसआई तेजमल, साईबर सैल के हैड कांस्टेबल राजकुमार, कांस्टेबल रामावतार व गणपत, कपासन थाने के कांस्टेबल वेदप्रकाश व राजेश द्वारा तकनीकी रूप से अनुसंधान करते हुए नकबजनी की वारदात करने वाले पूर्व में गिरफ्तार व पुलिस रिमांड पर चल रहे चारो आरोपियो से चोरी के माल को खरीदने वाले मध्यप्रदेश के सिहोर जिले के डोडी थाना जावर निवासी 25 वर्षीय राहुल पुत्र दयानन्द पारदी व सिहोर जिले के प्रेमालय रोड आष्टा थाना, आष्टा निवासी 31 वर्षीय अंकित पुत्र राजेन्द्र सोनी को एवं चोरी के लिए गाडी उपलब्ध कराने वाले सिहोर जिले के गल चौराहा आष्टा निवासी 28 वर्षीय गोलू जितेन्द्र पुत्र कैलाश चन्द्र शर्मा को कडी मेहनत से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जिनसे चोरी का शेष माल सोने चांदी के जेवरात बरामद किये गये है। उक्त पूरी वारदात को ट्रेस करने से लेकर मुल्जिमों की गिरफतारी और माल बरामदगी करने तक साईबर सैल के कानि. रामावतार व कपासन थाने के कानि. वेदप्रकाश की विशेष भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929